दैनिक

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित


RNI NO: UPHIN/2022/82892

# लखनऊ सुपरफास्ट खबरें

सबसे तेज, सबसे पहले

वर्ष-04 अंक-200 लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च, 2026 पृष्ठ- 8 मूल्यः 2 रुपया

www.lucknowsuperfastkhabre.com





रुपया 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



सोने में आज 3,263, चांदी में 13 हजार गिरावट



सेंसेक्स 1690 अंक गिरकर 73,583 पर आया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा,

## अफवाहों से सतर्क रहिए, जरूरत हो तभी पेट्रोल-डीजल लेने जाएं

**सांसद की की चुटकी**

सीएम ने कहा कि इस समय युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित है। उन्होंने सांसद रविकिशन की चुटकी लेते हुए कहा कि अगर वहां युद्ध नहीं हो रहा होता तो रविकिशन इस समय दुबई में होते। आज समय है तो बोले सहजनवा चल लेते हैं। रविकिशन को विश्वास नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में पांच हजार करोड़ रुपये लग गए होंगे। मैने कहा गोरखपुर में पिछले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये लग चुके हैं। गोरखपुर से हाइवे कनेक्टिविटी अच्छी हो गई है।



**गोरखपुर, संवाददाता।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध लंबा खिंचा तो हर व्यक्ति प्रभावित होगा। हमें मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। कुछ लोग अफवाह फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं। जरूरत हो तभी पेट्रोल डीजल लेने जाएं। अफवाह के चक्कर में जब पड़ते हैं तब लोग हमारी राष्ट्रभक्ति पर संदेह करते है। सरकार के साथ किसी भी नेशनल इश्यू में काम करते हैं तो यही राष्ट्रभक्ति है। कोई भी रसोई गैस का सिलिंडर एक महीने चल जाता था। आज लोग पांचवे छठवें दिन ही सिलिंडर लेने चले जा रहे हैं। इसकी क्या जरूरत है। सिलिंडर होम डिलीवरी कराए। लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। भारत में सब अच्छा है। उत्साहपूर्ण तरीके से सभी कार्यक्रम हो रहे है। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गीडा में 20 करोड़ रुपये की लागत से बने आईटी पार्क के लोकार्पण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप चलाने वाला व्यक्ति अपना कंप्यूटर लेकर आईटी पार्क में जाएगा उसको जगह, बिजली कनेक्शन और अन्य जन सुविधाओं की टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। जहां भी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी अपना धमक दिखा रही है उसका सबसे सफल मॉडल यही है। हमारा युवा में टैलेंट है। इस टैलेंट को जब टेक्नोलॉजी से जोड़ते हैं तो वह अपने आप में अपनी प्रतिभा को कई गुणा तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल रहता है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। 2014 के पहले की सरकारों ने युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने का प्रयास नहीं किया। इसके परिणाम से युवा निराश होते थे और पलायन करते थे। 2014 के बाद एक एक क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिला। सॉफ्टवेयर की फील्ड में जो भी युवा अपने स्टार्टअप के लिए प्लेटफॉर्म चाहता है उसे यहां मिलेगा। 15 अप्रैल को पूर्वी यूपी के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ होने जा रहा है। अब हम केवल हार्डवेयर में ही नहीं सॉफ्टवेयर में भी अपनी क्षमता दिखाएंगे। इस बार के बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस किया गया है। जब हम तकनीक से परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं रहते। हमें दुर्गति के नहीं प्रगति के मार्ग पर चलना है। एमएसएमईयूटी को ग्रीन हाइड्रोजन पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस दिया गया है। नया भारत विरासत और विकास में विश्वास करता है। एनर्जी के लिए हमें किसी के भरोसे न रहना पड़े इसके लिए ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लाना पड़ेगा। जापान इस तकनीक में काफी आगे है। उनके साथ मिलकर इस कार्यक्रम में आगे बढ़ेंगे। यूपी में जिस क्षेत्र में संभावना है उसके लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जा रहा है। कानपुर में लेदर और ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया। वर्ल्ड बैंक के साथ मिलकर एग्रीटेक में काम कर रहे हैं। गीडा में प्लास्टिक पार्क भी विकसित हो रहा है।

**काम सीख के विदेश न भाग जानाः रविकिशन**

सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि इस पार्क से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। यह ऐतिहासिक कार्य है। राजेश त्रिपाठी बड़ा चर्चा में हैं। विधायक के रूप में आपको देखना चाहिए संसद भी है। उसे भी कुछ बोलना होता है। यहां बच्चे टेक्नोलॉजी में आगे आएंगे। यूरोप में जो कंपनी हैं वहां भारतीय युवा काम कर रहे हैं। भारतीय युवाओं के दिमाग को खरीदा जाता है। सीख के देश के बाहर मत चले जाना। जहां कभी कब्रिस्तान बनना था वहां आज उद्योग लग रहे हैं। चुनाव कपार पर बा। विपक्ष सरकार को बदनाम कर रहा। ओछी राजनीति शुरू हो गई है। आपलोग बहुत दुर्गति में रहे हो। अब अच्छे दिन आए है।

## पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने आज जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है।

## संगम से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकप सड़क किनारे खड़े ट्राला से टकराई,8 लोगों की मौत



**कौशांबी, संवाददाता।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 18 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया। घटना दोपहर बाद करीब पौने चार बजे हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के लिए चार एंबुलेंस लगाई गईं। घायलों को अस्पताल ले जाते समय सात लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे बाद मौके पर चीख पुकार मची रही।

भारत की सैन्य ताकत में होगा इजाफा

## 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर मुहर, एस-400 की अतिरिक्त खरीद को मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आर्मी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के लिए कई अहम सिस्टम और प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी मिली। वित्त वर्ष 2025-26 में डीएसी अब तक 55 प्रस्तावों को मंजूरी दे चुका है, जिनकी कुल लागत 6.73 लाख करोड़ रुपए है। इसी दौरान 503 डिफेंस डील भी साइन की गई हैं, जिनकी कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के मुताबिक यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद और मंजूरी का आंकड़ा है। इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए हेवी ड्यूटी एयर कुशन व्हीकल्स (होवरक्राफ्ट) को मंजूरी दी गई है। इनका उपयोग तटीय गश्त, सर्च एंड रेस्क्यू और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में किया जाएगा। एस-400 वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था। एस-400 ट्रायम्फ रूस का सबसे एडवांस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। ये सिस्टम फाइटर जेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमानों तक को मार गिरा सकता है। ये हवा में कई तरह के खतरों से बचाव के लिए एक मजबूत ढाल की तरह काम करता है।

## नेपाल के नए पीएम को मोदी ने भेजा बधाई संदेश संबंधों को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह बालेन को शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के आपसी फायदे के लिए भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हैं। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है। ओली सरकार को एक युवा पीढ़ी के विरोध प्रदर्शन में हटा दिया गया था। मोदी ने एक्स पर एक संदेश में कहा, नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर श्री बालेंद्र शाह को हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए भरोसे को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों की जनता के आपसी फायदे के लिए भारत-नेपाल की दोस्ती और सहयोग को और भी ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु आपके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं। 35 वर्षीय राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला है। वह देश में यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। बालन मधेश क्षेत्र से शीर्ष कार्यकारी पद संभालने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उनका शपथ ग्रहण नेपाल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

## उमर अब्दुल्ला ने ईरान युद्ध को बताया अन्यायपूर्ण और अवैध


**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान पर थोपी गई अन्यायपूर्ण एवं अवैध जंग की शुक्रवार को निंदा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मानवता के हित में इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। अब्दुल्ला ने विधानसभा में सदन के नेता के रूप में यह बयान दिया। इससे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के कई सदस्यों ने इस मामले में संक्षिप्त बयान दिए जाने की मांग की थी जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि ईरान संकट एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है और यह इस सदन के दायरे में नहीं आता। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईरान पर थोपी गई इस अन्यायपूर्ण और अवैध जंग की अपनी ओर से और अपने सहयोगियों की ओर से कड़ी निंदा करता हूं। मैं अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके सहयोगियों और इस संघर्ष में जान गंवाने वाले सभी लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## पश्चिम एशिया युद्ध का आपकी जेब पर असरः नमकीन मिठाई और पानी की बोतल होगी महंगी



**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट की तपिश अब सीधे आम भारतीय की रसोई और घर के बजट तक पहुंच गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही ठप होने से लॉजिस्टिक और कच्चे माल की लागत में 20 प्रतिशत तक का भारी उछाल आया है। इसका सीधा नुकसान आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, क्योंकि कमर्शियल एलपीजी और प्लास्टिक पैकेजिंग महंगी होने से रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली नमकीन, मिठाई और यहां तक कि बोतलबंद पानी के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस भू-राजनीतिक तनाव के बीच आम आदमी के लिए क्या मायने रखता है, आइए विस्तार से समझते हैं। कारोबारियों और संगठनों का कहना है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्रों के लिए तेल की बढ़ती कीमतें परिचालन की लागत को बढ़ा रही हैं। लागत में वृद्धि होने से निर्माताओं और व्यापारियों के लिए माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है। प्लास्टिक, पैकेजिंग, केमिकल और कपड़े में उपयोग होने वाले पेट्रोकेमिकल जैसे कच्चे माल 20 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसकी वजह से खाड़ी देशों के सभी ऑर्डर कैंसल हो चुके है, शिपिंग लागत 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी है। जिसका नुकसान व्यापारियों के साथ किसानों को उठाना पड़ रहा है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रि एंड एग्रीकल्चर के अध्यक्ष ललित गांधी ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भारतीय कारोबार पर असर डाल रहा है। जिसमें सबसे अधिक एग्रो कमोडिटी के उत्पाद प्रभावित हुए हैं। खाड़ी देशों ( सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन ) में भारत सबसे प्रमुख निर्यातक है, जहां चावल, मसाले, फल और कुछ प्रीमियम कमोडिटी उत्पाद भारत भेजता है।

## केंद्र सरकार के जन-केंद्रित शासन को दर्शाती है उत्पाद शुल्क में कटौती :शाह



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ने के बीच ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का केंद्र सरकार का फैसला उसके जन केंद्रित शासन और संवेदनशीलता से प्रेरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच दुनिया ईंधन की कमी से जूझ रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ रही हैं, ऐसे में ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने का (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का फैसला नागरिकों के लिए बहुत राहत की बात है जिसकी उन्हें इस समय बहुत आवश्यकता है। कई देशों ने डीजल और पेट्रोल की कीमतें बढ़ाई हैं। ऐसे में उत्पाद शुल्क घटाने का मोदी सरकार का फैसला उसके जन केंद्रित शासन और संवेदनशीलता से प्रेरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है। इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा वीरवार देर रात जारी एक अधिसूचना में बताया गया कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। शुल्क में यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है।

पश्चिम एशिया संकट गहराने के बाद सरकार का बयान

## देश में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की हमारी आपूर्ति प्रभावित हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और अन्य उत्पादों की कीमतें भी काफी बढ़ गई हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान यह बात कही। हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि भारत सरकार ने इस स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए कई स्तरों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने भारत की कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के साथ-साथ अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें भी बढ़ी हैं। हालांकि, भारत सरकार ने स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए विभिन्न स्तरों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हमारे पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति की व्यवस्था है। एलपीजी और पीएनजी के मामले में भी स्थिति अनुकूल है। सरकार की ओर से बताया गया है कि हमारी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से या उससे भी अधिक क्षमता से चल रही हैं और घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार चूंकि भारत आयात पर अत्यधिक निर्भर है और एलपीजी आयात का लगभग 90 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है- इसलिए सरकार ने वाणिज्यिक आपूर्ति के बजाय घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। शुरुआत में वाणिज्यिक आपूर्ति रोक दी गई, फिर धीरे-धीरे बहाल की गई। पहले 20 प्रतिशत, फिर पीएनजी विस्तार के लिए व्यापार में सुगमता के आधार पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत, बाद में बढ़ाकर 50 प्रतिशत और अब 70 प्रतिशत कर दी गई है।

## दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शुक्रवार सुबह हल्की बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कई हिस्सों में दिन के समय हल्की बारिश, गरज के साथ फुहारें और तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्से, मध्य दिल्ली, शाहदरा, पूर्वी दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है और लोगों को मौसम की जानकारी लेते रहने की सलाह दी गई है। विभाग ने 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान भी जताया है। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि मार्च में यह असामान्य मौसम उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभों की एक श्रृंखला से जुड़ा है। 15 मार्च से सक्रिय ये विक्षोभ इस बार सामान्य से कम ऊंचाई पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनका प्रभाव भी गहरा हो गया है और यही वजह है कि दिल्ली के मौसम का मिजाज भी इन दिनों बदला-बदला सा है।

अधिकारियों के अनुसार, इसके प्रभाव से शहर के कुछ हिस्सों में दिन में तेज हवाएं चलने, हल्की बारिश होने और हल्की धूल भरी आंधी की संभावना है, हालांकि मौजूदा मौसम गतिविधियों का तापमान पर कोई खास असर पड़ने के आसार नहीं है। शुक्रवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 148 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता

## ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजराइल पर दागीं

इन पर पाकिस्तान का भी नाम, जंग में समर्थन पर आभार जताया

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान ने इजराइल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजराइल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है। जर्मनी ने रूस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह ईरान को हमले के




टारगेट पहचानने में मदद कर रहा है। फ्रांस में प्रतिशत 7 बैठक के दौरान जर्मनी के विदेश मंत्री ने कहा कि रूस मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध से ध्यान भटकाने के लिए कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस ईरान को संभावित हमलों के टारगेट की जानकारी दे रहा है और इससे दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग साफ दिखता है। जर्मनी के मुताबिक, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन के संघर्ष आपस में जुड़े हुए हैं और इन्हें अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। अमेरिका-इजराइल हमलों के बाद ईरान में क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, 28 फरवरी से 2 मार्च के बीच 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा की क्रिप्टो ट्रांजैक्शन हुई।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि क्रिप्टो का इस्तेमाल ईरान पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक भी इसे सुरक्षित विकल्प के तौर पर अपना रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि इस दौरान इस्तेमाल हुए कई डिजिटल वॉलेट ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) से जुड़े हुए हैं। पिछले साल ऐसे वॉलेट्स में 3 बिलियन डॉलर से ज्यादा की क्रिप्टो आई थी, जो देश के कुल क्रिप्टो फ्लो का बड़ा हिस्सा है। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से नजर न आने पर सरकार ने सफाई दी है। कहा गया है कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और सुरक्षा कारणों से सामने नहीं आ रहे। ईरान के एक अधिकारी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए सुरक्षा कारणों से खामेनेई सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, लेकिन वह देश का नेतृत्व कर रहे हैं। खामेनेई पिछले महीने अपने पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की हत्या के बाद से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि शुरुआती हमलों के दौरान उन्हें हल्की चोटें आई थीं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पश्चिम एशिया विवाद पर भारत की पैनी नजर

सरकार ने रक्षा मंत्री राजनाथ की अध्यक्षता में बनाई समिति



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल के बीच जंग जारी है। इसी बीच सरकार ने पश्चिम एशिया विवाद से पैदा होने वाले मामलों पर नजर रखने के लिए इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कर रहे हैं। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दूसरे मंत्री भी सदस्य हैं। दरअसल, मध्य पूर्व में जारी युद्ध और खासतौर पर तेल आपूर्ति के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस स्थिति से सीधे प्रभावित हो सकता है।इसी को देखते हुए सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए यह ग्रुप बनाया है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और समन्वित कार्रवाई की जा सके। सरकार का उद्देश्य यह है कि किसी भी तरह की आपूर्ति बाधा या कीमतों में अचानक बढ़ोतरी का असर आम लोगों और उद्योगों पर कम से कम पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मिडिल ईस्ट में तनाव लंबा चलता है, तो तेल की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे महंगाई पर दबाव बढ़ेगा। ऐसे में यह ग्रुप सरकार को समय-समय पर रणनीतिक फैसले लेने में मदद करेगा।

# धूमधाम से मना श्रीराम जन्मोत्सव निकली भव्य शोभायात्रा





**लखनऊ सुपरफास्ट ब्यूरो राकेश चौधरी बस्ती।** वाल्टरगंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव बेहद श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर में भगवान की विशेष आरती और मधुर बधाई गान के साथ हुई। जैसे ही प्रभु के प्राकट्य का समय हुआ, मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमने लगे। इसके पश्चात, देर शाम मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजी भगवान की झांकी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। गाजे-बाजे के साथ चल रहे श्रद्धालु सीताराम-सीताराम का जाप कर रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने बताया कि जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन के कड़े इंतजाम देखे गए। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष गोपेशपाल मंत्री विनय रावत, दुर्गेश भारतवंशी, संतोष राजभर, रामनाथ चौधरी, भारत लाल अग्रहरि, दुर्गेश बाबा, नित्य राम चौधरी, राहुल राजभर संतोष बर्मा , संजय मोदनवाल, संजीव पांडे, संदीप त्रिपाठी, दिनेश गुप्ता, जितेंद्र कुमार अभिषेक सोनी, सुग्रीव चौधरी, आदि शामिल रहे।

# सीतापुर में ईंधन की किल्लत की अफवाहों पर डीएम का कड़ा प्रहार, शाहजहांपुर डिपो से आपूर्ति बहाल

**अवकाश के कारण हुई देरी अब हुई दूर, केवल वाहनों में ही मिलेगा तेल**





**लखनऊ सुपरफास्ट सीतापुर।** पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी राजा गणपति आर और जिला पूर्ति अधिकारी (ष्ठस्ह्र) अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। कसरैला सहित जनपद के विभिन्न इलाकों में स्थित पेट्रोल पंपों का तूफानी दौरा करते हुए प्रशासनिक अमले ने साफ कर दिया कि जिले में तेल की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी भी सूरत में तेल का अवैध भंडारण न होने दिया जाए। जो लोग डिब्बों या ड्रमों में स्टॉक करने के इरादे से आ रहे हैं, उन्हें एक बूंद भी तेल न दिया जाए और ऐसे संदिग्धों की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए।

जांच में यह बात सामने आई कि सीतापुर को ईंधन की आपूर्ति शाहजहांपुर स्थित डिपो से होती है। हाल ही में आए अवकाश के चलते टैंकरों के आवागमन में मामूली देरी हुई थी, जिसे अफवाह फैलाने वालों ने किल्लत का रंग दे दिया। शाहजहांपुर डिपो से संपर्क साधने पर पुष्टि हुई है कि स्टॉक की कोई कमी नहीं है और अब सभी पेट्रोल पंपों पर टैंकर पहुंचने शुरू हो गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि तेल केवल वाहनों की टंकियों में ही भरा जाएगा। अगर कोई संचालक नियमों की अनदेखी कर अवैध भंडारण में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिओ पेट्रोल पंप पर सुबह से ही लोगों की लगी लम्बी कतार





**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** नीलगांव मार्ग पर स्थित इंडियन आयल फीलिंग स्टेशन नीलगांव पर सुबह छः बजे से ही लोग लाइनों में जमा हो गये पम्प पर पैट्रोल उपलब्ध न होने के कारण लोगों में अफरातफरी मच गयी। लोग डीजल लेकर घरों में रखे बर्तनों में जमा करने लगे जबकि पैट्रोल की उपलब्धता न होने के कारण लोग परेशान दिखे पैट्रोल की उपलब्धता न होने के कारण लोग पैनिक हो गये और कहा कि गेहूं व सरसों की थ्रेसरसिग कैसे होगी जिसको लेकर लोग सुबह से ही बड़े बड़े डिब्बे लेकर लोग पम्प पर जमा हो गये। हाईवे पर स्थित जिओ पेट्रोल पंप पर सुबह से ही लोगों की लम्बी कतार दिखाई दी भीड़भाड़ होने पर अटरिया इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और पम्प पर आए लोगों को जागरूक किया और कहा कि सभी लोग आवश्कता के अनुसार ही डीजल पेट्रोल ले।वहीं एसडीएम राखी वर्मा ने एचपी पेट्रोल पंप व छावन पंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

# मां भगवती जागरण एवं 33वां विशाल भंडारा आयोजित

**भंडारे में दिखी हिन्दू मुस्लिम एकता की झलक**



**रंजीत सिंह/लखनऊ।** गुरुवार को जुग्गौर गांव में मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राममनोहर यादव ने बताया है कि माता जी का यह बहुत पुराना मंदिर है। लगभग तैंतीस वर्षों से यहां पर प्रतिवर्ष नवरात्रि में माता जी का जागरण भक्ति संगीत, एवं झांकियां निकाली जाती है सभी के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

पूरे क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में सामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। आज भी यहां पर हिन्दू, मुस्लिम एकता की मिसाल कायम है, सभी लोग इकट्ठा हो कर एक दूसरे से मिल कर भंडारे में पूरा सहयोग करते हैं। मंदिर में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे क़तार में लग कर दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किये। इस अवसर चिनहट ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव (खलीफा) मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद फैसल किदवई, राम विलास यादव, प्रकाश, रिंकू यादव, रमेश, नवल किशोर, आजाद यादव, बोधराम सहित बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

# युवक की मालगाड़ी से कटकर दर्दनाक मौत

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**





**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** शुक्रवार सुबह घर से लखनऊ के लिए निकले युवक की मालगाड़ी से कटकर दर्दनाक मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि छन्नू उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र जगदीश निवासी बल्देवनगर मजरा जयपालपुर जो शुक्रवार की सुबह घर से पैदल लखनऊ में मजदूरी करने के लिए निकला था वहा से वापस लौटते समय दोपहर करीब तीन बजे सीतापुर लखनऊ रेलवे ट्रैक के कुंवरपुर बाजार के सामने छन्नू रेलवे ट्रैक पार कर रहा था उसी दौरान गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया उधर मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया आसपास के लोगों की तमाम भीड़ जमा हो गई। अटरिया थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मुठभेड़ में 6 जिलों का वांछित गौ-तस्कर घायल

**बाराबंकी।** जनपद में मसौली और सफदरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छह जिलों में वांछित गौ-तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, वांछित अपराधियों की तलाश में मसौली क्षेत्र के बड़ागांव स्टेडियम मोड़ और चन्दनपुरवा तिराहा के पास गश्त और चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को नेवला-करसण्डा (आईआईटी मार्ग) की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति के मोटरसाइकिल से आने की सूचना मिली। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध को रुकने का इशारा किया। हालांकि, आरोपी भागने लगा और खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल आरोपी की पहचान बकरीदी उर्फ गरीबा पुत्र स्व. हसन, निवासी बंजारनपुरवा (जमालपुर), थाना मसौली, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। उसे तत्काल सीएचसी बड़ागांव में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बकरीदी थाना मसौली में दर्ज मुकदमा संख्या 53,2026 (धारा 303(2) बीएनएस व 3,5,8 गोवध निवारण अधिनियम) में वांछित था। उसके खिलाफ बहराइच, सीतापुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बाराबंकी और अन्य जिलों में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अवधी भाषी कभी उद्दंड नहीं होते हैं :पवन सिंह चौहान

**एसआर इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकेटी में हुआ राष्ट्रीय अवधी संगोष्ठी का आयोजन**



**रंजीत सिंह/लखनऊ।** अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश, भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक एवं एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पाँच दिवसीय अवधी राष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन राजदेवी सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अवधी भाषा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बनाने पर काम चल रहा है। हमारे सभी त्योहारों के अवधी व्यंजन मौसम के अनुसार शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का काम करते थे। उन्होंने सरकार की तरफ से आश्वासन दिया कि अवधी के लिए जो जरूरत होगी, वह सबकुछ सरकार द्वारा किया जाएगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ सत्येन्द्र अवस्थी समन्वयक भारतीय भाषा संस्थान मैसूर, कर्नाटक ने कहा कि अवधी भाषा प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन विषय पर व्यख्यान देते हुए कहा कि अवधी को गूगल की भाषा बनाने के लिए गद्य साहित्य की आवश्यकता है। इसीलिए अवधी के गद्य साहित्य सृजन पर जोर देते हुए कहा कि अनुवाद क्षेत्र में अधिक काम किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्र ने कहा कि अवधी बोली भाषा सबसे पुरानी भाषा है, यह वैदिक काल में विद्यमान रही है। सभी से आग्रह किया कि अवधी में लिखना आरम्भ करें। विशिष्ट अतिथि केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के मुख्य कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ला (समन्वयक अवधी शोधपीठ) ने कहा कि अवधी भाषा, भाव, भोजन, भनिति सभी का संरक्षण करना चाहिए। लोक त्योहार, लोकगीत, लोक व्यंजन आदि अगली पीढ़ी तक पहुँचाना सरकारी, गैर सरकारी सभी लोगों का कर्तव्य है। अवधी के 12 विशिष्ट विद्वानों की अवधी-बोली की रिकॉर्डिंग की गई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। मुख्य अतिथि चौहान द्वारा सभी प्रतिभागियों को मां चन्द्रिका देवी का चित्र एवं बैग प्रदान किये गए। कार्यशाला संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान के संचालन संगोष्ठी सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदीप सारंग, कुसुम वर्मा, संजोली पाण्डेय, काजल सिंह, रजनी वर्मा, ज्योति किरण रतन, डॉ अर्जुन पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, संदीप अनुरागी, हिमांशु श्रीवास्तव, देवेंद्र कश्यप निडर, कृष्णा प्रजापति सहित तीन दर्जन विद्वान उपस्थित रहे।

# शक्तिपीठ नगवां लंका के प्रांगण में वाराणसी युवा प्रकोष्ठ ने आज नवरात्र साधना की पूर्णाहुति एवं रामनवमी पर्व को मनाते हुए




**क्राइम ब्यूरो मांतेश्वरी (सिंह) जिला वाराणसी से ख़ास खबरें।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा आदर्श एवं प्रति कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय के आदरणीय डॉ चिन्मय पांड्या जी का जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया। इस दौरान वाराणसी के जिला युवा समन्वयक एवं गायत्री शक्तिपीठ नगवां लंका के ट्रस्टी विद्याधर मिश्र ने युवा आदर्श एवं आज के विवेकानंद आ चिन्मय पांड्या जी को देव संस्कृति का चलता फिरता विश्वविद्यालय बताते हुए कहा कि गुरुदेव की दीक्षाभूमि काशी से श्रद्धेय चिन्मय भईया जी के जन्मदिवस की। शुभकामनाओं सहित उनके प्रति हम युवाओं के भाव जिसे आज के पावन दिवस पर रोक न सके।समय ने रोका अन्यथा भाव का अनंत सागर तो अब भी यूं ही उमड़ रहा अपने श्रद्धेय भईया जी के लिए।इस वीडियो में शब्द नहीं हृदय है हमारा।

# नैमिषारण्य एग्रो इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का रामनवमी के अवसर पर भव्य उद्घाटन






**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** इलाके के रघुनाथपुर स्थित नैमिषारण्य एग्रो इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का रामनवमी के अवसर पर भव्य उद्घाटन समारोह के साथ कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। बताते चले की ग्राम पंचायत धारावा के रघुनाथपुर स्थित न्यू कंपनी नैमिषारण्य एग्रो इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर अटरिया इंस्पेक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर कंपनी का उद्घाटन किया वहीं चेयरमैन दिलीप सिंह ग्रुप फास्ट ग्रुप व निदेशक रामचंद्र गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां एक मील का पत्थर है हम सीतापुर जिला में अपनी उपस्थिति को मजबूत और बेहतर करने के लिए कृषि समुदाय के उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हैं और यहां पर बीजों का शोध करते हुए नए पौधों का उत्पाद करते हैं।इस दौरान सत्य प्रकाश सिंह भूपेंद्र सिंह निशांत मिश्र देवेंद्र गुप्ता जितेंद्र प्रदीप सिंह रवि सिंह सत्यम सिंह अमित यादव शैलेंद्र यादव अंकित सिंह सुनील सिंह दयाशंकर सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेट्रोल-डीजल आपूर्ति सामान्य,डीएम ने लोगों से अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की

**बलरामपुर।** पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो गई है। शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर भीड़ में कमी देखी गई, जिससे पता चलता है कि स्थिति सामान्य हो रही है। जिला मुख्यालय और अन्य क्षेत्रों के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की उपलब्धता सुचारु है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पिछले दो दिनों में ईंधन की खपत में अचानक वृद्धि अफ्वाहों के कारण हुई थी, न कि वास्तविक कमी के चलते। एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेदु और सीओ सहित अन्य अधिकारी लगातार पेट्रोल और डीजल पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि घबराहट में खरीदारी (पैनिक बाइंग) की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईंधन की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अफ्वाहों पर ध्यान न दें और केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही ईंधन खरीदें। उन्होंने दोहराया कि अफ्वाहों के कारण ही कुछ दिन पहले खपत में असामान्य वृद्धि हुई थी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित और पर्याप्त बनी हुई है। प्रशासन की टीम लगातार निगरानी कर रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जनपदवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफ्वाहों से प्रभावित न हों और संयमित तरीके से ही ईंधन खरीदें। ऐसा करने से अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा और व्यक्तिगत सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बलरामपुर प्रशासन ईंधन आपूर्ति की लगातार निगरानी कर रहा है और जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

# कुदरत का कहर, लुधौरा के जनता भट्ठे पर गिरी आकाशीय बिजली

**आसमान से बरसी आग ने उड़ाई चिमनी के परखच्चे, दो मजदूर जिंदगी और मौत के बीच**



**लखनऊ सुपरफास्ट।** रामकोट थाना क्षेत्र के लुधौरा गांव में कुदरत ने ऐसा खौफनाक मंजर दिखाया कि हर कोई सहम गया। यहां स्थित 'जनता भट्ठा' पर अचानक आसमान से गिरी बिजली ने भारी तबाही मचाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बिजली गिरने की आवाज इतनी जोरदार थी कि पूरा इलाका दहल उठा। इस आसमानी आफत ने भट्ठे की विशालकाय चिमनी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन सबसे बुरा हादसा चिमनी के पास काम कर रहे दो मजदूरों के साथ हुआ। वे बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए और लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हादसे के बाद भट्ठे पर कोहराम मच गया। भट्ठा मालिक और वहां मौजूद कर्मचारियों ने आनन-फानन में बिना समय गंवाए दोनों गंभीर रूप से घायल मजदूरों को गाड़ी में लादा और जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उन्हें बचाने के लिए मेडिकल टीम पूरी कोशिश कर रही है। रामकोट थाना क्षेत्र की इस घटना ने एक बार फिर कुदरती आपदाओं के आगे इंसानी लाचारी को उजागर कर दिया है। प्रशासन को मामले की सूचना दे दी गई है और फिलहाल मौके पर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। दैवीय आपदा का प्रहार ऐसा था की आकाशीय बिजली गिरने से चिमनी बीच से दराज दे गई। इस घटना से दो मजदूर तो घायल ही हुए हैं साथ ही बताया जा रहा है कि आसपास गांव में बिजली आपूर्ति के लिए लगे इनवर्टर भी काम नहीं कर रहे तथा वाई-फाई भी काम करना बंद कर दिए हैं वहीं क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित होना बताई जा रही है।

दैनिक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
सबसे तेज, सबसे पहले



# रामनवमी पर उमड़ा जनसैलाब–आस्था के साथ जनसमर्थन और एकजुटता का शक्तिशाली संदेश

**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता अमेठी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर अमेठी टाउन स्थित ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम ने आस्था के साथ-साथ जनशक्ति और सामाजिक एकजुटता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अमेठी की जागरूक जनता की एकता, विश्वास और मजबूत सामाजिक-राजनीतिक चेतना का प्रतीक बनकर सामने आया। रामनवमी आयोजन समिति, अमेठी के तत्वावधान में सम्पन्न इस आयोजन में समिति के समर्पित सदस्यों, निर्माण में जुटे कर्मयोगियों, अमेठी टाउन के नागरिकों, युवाओं, माताओं-बहनों एवं हजारों श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूरे नगर में उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट



संकेत देता नजर आया कि अमेठी की जनता अब हर स्तर पर एकजुट और सजग है। हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में गूंजते जय श्री राम के उद्घोष के बीच यह आयोजन केवल भक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता के साथ-साथ जनविश्वास की एक मजबूत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। इस अवसर पर युवराज अनन्त विक्रम सिंह एवं बहुरानी शाम्भवी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। दोनों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा जनसमूह के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित किया। उनकी उपस्थिति को जनता के व्यापक समर्थन और विश्वास के रूप में भी देखा जा रहा है। भव्य शोभायात्रा में उमड़ी भारी भीड़, जगह-जगह हुआ स्वागत और पुष्पवर्षा इस बात का स्पष्ट संकेत था कि अमेठी की जनता अपने नेतृत्व के साथ खड़ी है और विकास, संस्कृति व परंपरा के साथ आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध है।

**युवराज अनन्त विक्रम सिंह का वक्तव्य**

प्रभु श्री राम के आदर्श केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सुशासन, मर्यादा और जनसेवा का मार्गदर्शन हैं। आज अमेठी की जनता जिस प्रकार एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज कर रही है, वह आने वाले समय के लिए एक सकारात्मक और मजबूत संकेत है। यह जनसमर्थन हमें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

**बहुरानी शाम्भवी सिंह का वक्तव्य**

अमेठी मेरे लिए एक परिवार है, और आज इस परिवार का जो स्वरूप देखने को मिला, वह अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक है। माताओं-बहनों, युवाओं और हर वर्ग का यह स्नेह और विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी के साथ मिलकर अमेठी को और सशक्त, समृद्ध और विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं। रामनवमी आयोजन समिति, अमेठी ने इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अमेठी की जनता की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी का परिचायक है। समिति ने सभी सहयोगियों, नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन एक स्पष्ट संदेश देता है कि अमेठी अब केवल परंपराओं का केंद्र नहीं, बल्कि जागरूक, संगठित और सशक्त जनशक्ति का प्रतीक बन चुकी है – जो अपने नेतृत्व के साथ मिलकर विकास और गौरव की नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

# एमपी–एमएलए कोर्ट में पूर्व सांसद धनंजय ने फिर मांगा न्याय, एमएलए अभय सिंह को बताया मुख्य हमलावर

**वाराणसी।** वाराणसी में 24 साल पहले टकसाल सिनेमा के पास पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के केस में गुरूवार को सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) यजुवेंद्र विक्रम सिंह कोर्ट में पूर्व सांसद धनंजय पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में फिर न्याय मांगते हुए आरोपी के लिए सजा की गुहार लगाई। इसके पहले एमएलसी विनीत सिंह अपनी गवाही और जिरह कर चुके हैं। कोर्ट ने अब विधायक अभय सिंह को फिर बुलाया है। गवाहों से फिर जिरह की बात के बीच कोर्ट अब शेष अभियुक्त विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह और संजय सिंह रघुवंशी को तलब करेंगे। पूर्व सांसद ने धारा 311 के तहत कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया, इसमें बचाव पक्ष के गवाहों और सबूतों पर सवाल उठाए हैं। जिसके बाद सभी आरोपियों को फिर जिरह के लिए तलब किया जा रहा है। अभियोजन समेत धनंजय के वकील ने हमले के आरोपी एमएलसी विनीत सिंह से बहस पूरी कर ली। हालांकि अधिवक्ता शशिकांत राय चुन्ना ने अभय सिंह समेत अन्य अभियुक्तों पर जिरह से भागने का आरोप लगाया है। कैंट थाना क्षेत्र में 24 साल पहले हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में आज सुनवाई होगी। वाराणसी न्यायालय का सबसे पुराने मामले में आरोपियों की फिर पेशी और जिरह हो रही है। इसमें आरोपी अभियुक्त विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह और संजय सिंह रघुवंशी पेश होने के लिए तलब किए गए हैं। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से उनके निजी वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत राय उर्फ चुन्ना राय ने बताया कि 25 साल पुराने केस में लंबित एकमात्र प्रकरण है। आरोप पत्र में पुलिस ने विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह रघुवंशी, विनोद सिंह, सत्येन्द्र सिह तथा एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाकर आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। चार्जशीट को 22-23 वर्ष व्यतीत हो गया अभी तक उक्त मुकदमें का निस्तारण अभियुक्तों द्वारा नहीं होने दिया गया। एमपी-एमएलए कोर्ट ने विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह एवं संजय सिंह रघुवंशी की तरफ से बहस के लिए आज का सम्मन जारी कर बुलाया है। आरोप लगाया कि आरोपी मुकदमे को लम्बित रखने का प्रयास किया गया। वर्तमान समय में बहस में चल रहा है तथा अभियुक्त अभय सिंह व अन्य द्वारा बहस न करके मुकदमें को टाला जा रहा है। अभियुक्तगण विनोद सिंह, सत्येन्द्र सिंह तथा विनीत सिंह की तरफ से अपनी बहस पूरी कर दी गयी है। लेकिन अभय सिंह, संदीप सिंह तथा संजय सिंह रघुवंशी की ओर से बहस नहीं की जा रही है, जिससे मुकदमें का निस्तारण नहीं हो पा रहा है पूर्व सांसद धनन्जय सिंह लगभग 24 वर्षों से न्याय के लिए अदालत का चक्कर लगा रहे है।

# मुगलसराय में अधेड़ ने लगाई फांसी, पत्नी रहती थी मायके

❑ उसी घर में दो साल पहले भाई-बहन ने भी की थी आत्महत्या



**पीडीडीयू चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के जायसवाल स्कूल, लाठ नंबर-2 में बुधवार देर रात 48 वर्षीय गुड्डू गुप्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान स्वर्गीय जंगी साव गुप्ता के बड़े पुत्र गुड्डू गुप्ता (48) के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने मकान की दूसरी मंजिल के बरामदे में दुपट्टे के सहारे उनका शव फंदे से लटका देखा। पड़ोसियों ने वार्ड नंबर 19 के सभासद महेंद्र पटेल को सूचना दी, जिन्होंने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, गुड्डू गुप्ता पिछले कुछ समय से घर में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी कई वर्षों से मायके में अलग रह रही थीं। वह इधर-उधर घूमकर अपना जीवन यापन करते थे। यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी मकान में दो साल पहले 11 मई को मृतक के छोटे भाई कमलेश गुप्ता उर्फ राजू और बहन अंजू गुप्ता उर्फ गुड़िया ने तीसरी मंजिल पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिवार की स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण रही है। करीब 10 साल पहले उनके माता-पिता की भी मृत्यु हो चुकी है। तीन भाइयों में से एक, रवि गुप्ता उर्फ विष्णु, वर्तमान में वाराणसी के एक नशा मुक्ति केंद्र में हैं। मृतक के जीजा श्री प्रकाश गुप्ता ने बताया कि गुड्डू दो दिन पहले उनके घर गए थे और उनकी तबीयत बहुत खराब थी। उन्हें लीवर में सूजन और काफी कमजोरी थी, जिसके लिए उन्हें 12 घंटे अस्पताल में भर्ती कराकर पानी चढ़ाया गया था। कूड़ा बाजार चौकी इंचार्ज ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को किया गया प्रशिक्षित

**जमालपुर, मिर्जापुर।** विकास खण्ड जमालपुर के ब्लॉक सभागार में पशुपालकों एवं पशुपालन विभाग के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पशु चिकित्साधिकारी डॉ संतोष गिरी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नन्द बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत कृषक समृद्धि योजना, मिनी कृषक समृद्धि योजना, गौ संवर्धन योजना, प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर डॉ सुशांत सिंह ने पशु पंजीकरण, ईयर टैगिंग, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रम तथा पशुओं में आधार का महत्व के विषय में जानकारी दी।

# राजापुर का गांधी अश्वनी राय, बहा रहा विकास की आंधी

**वसीम रज़ा ब्यूरो चीफ़ लखनऊ सुपर फ़ास्ट गाजीपुर।** गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद विकासखंड अंतर्गत राजापुर ग्राम पंचायत में वर्तमान ग्राम प्रधान अश्वनी कुमार राय के कार्यकाल को ग्रामीण विकास और जनहितकारी कार्यों के लिए याद किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में गांव में सड़क, नाली, शिक्षा, पेयजल, सामाजिक सौहार्द और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए, जिससे गांव की तस्वीर बदलती नजर आ रही है।

**सड़क, नाली और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर......**

प्रधान अश्वनी कुमार राय ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही गांव की सबसे बड़ी समस्याओं खराब सड़कें, जल निकासी और पेयजल व्यवस्था पर काम शुरू किया। गांव के विभिन्न टोले और गलियों में सीसी सड़क, इंटरलॉकिंग मार्ग और पक्की नालियों का निर्माण कराया गया। इससे बरसात के समय जलभराव की समस्या में काफी हद तक कमी आई और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिली।

**सरकारी योजनाओं का मिला लाभ.....**



प्रधान ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में भी सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और राशन कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए गए। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली।

**मंगई नदी पर लघु सेतु निर्माण की बड़ी पहल.....**

राजापुर ग्राम पंचायत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मंगई नदी पर प्रस्तावित लघु सेतु का शिलान्यास माना जा रहा है। यह पुल बनने के बाद राजापुर और करइल क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। पहले लोगों को अपने खेतों और बाजार तक पहुंचने के लिए लगभग 15-16 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता था, जो पुल बनने के बाद काफी कम हो जाएगा। इस सेतु का शिलान्यास एमएलसी विशाल सिंह 'चंचल' द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान अश्वनी कुमार राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय.....**

प्रधान अश्वनी राय ने गांव में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम और सामाजिक आयोजनों को भी बढ़ावा दिया। स्कूलों के आसपास सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया गया, जिससे बच्चों को बेहतर माहौल मिल सके।

**ग्रामीणों का बढ़ा भरोसा....**

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान अश्वनी कुमार राय ने अपने कार्यकाल में पारदर्शिता, ईमानदारी और जनसुनवाई की परंपरा को मजबूत किया है। गांव के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने की कोशिश की गई, जिससे लोगों का भरोसा भी बढ़ा है।

**भविष्य की योजनाएं....**

प्रधान अश्वनी कुमार राय का कहना है कि उनका लक्ष्य राजापुर ग्राम पंचायत को आदर्श और विकसित गांव बनाना है। आने वाले समय में गांव में और भी सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीणों का मानना है कि अगर इसी तरह विकास की गति बनी रही तो राजापुर गांव पूरे जनपद में विकास का उदाहरण बन सकता है।

# पेट्रोल की खपत बढ़ी, टंकी फुल करा रहे लोग, अधिकारी बोले न घबराएं, जनपद में तेल संकट नहीं

**वाराणसी।** वाराणसी शहर में पेट्रोल खत्म होने की अफ्वाह से पेट्रोल पम्पों पर भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने बाइक, कार आदि के टैंक फुल कराने लगे हैं। नतीजा यह हुआ कि कई पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल ही खत्म हो जा रहा है। डर के कारण लोग अपनी गाड़ियों के टैंक फुल कराने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कितना भी समय लगे, लेकिन तेल लेकर ही घर जाएंगे। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि तेल इसलिए फुल करवा रहे हैं। जिससे बार-बार लाइन में न लगना पड़े। तेल भरने के लिए पेट्रोल पंप पर पहुंचे मौसम ने कहा कि हम अपने मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। पेट्रोल पंप पर काफी लंबी लाइन थी। आधा घंटा इंतजार करना पड़ा। लोग काफी ज्यादा पैनिक हैं पेट्रोल आराम से मिल रहा है। हमने अपनी टंकी फुल कराई है। राकेश कुमार ने कहा कि मुझे 7-8 मिनट का वक्त लगा है। पहले तो यह पता था कि तेल के लिए बहुत देर इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन पेट्रोल पंप पर ऐसी स्थिति नहीं है। कुछ जगहों पर लोगों की भीड़ अधिक है, लेकिन लोगों को पैनिक नहीं होना चाहिए। मोहम्मद अकरम ने कहा चाहे जितना समय लगे लेकिन तेल लेकर तो जाना ही है। हमको 15 से 20 मिनट का समय लगा। सरकार को थोड़ी व्यवस्थाएं ठीक करनी चाहिए। जो अफ्वाह फैल रही है, उसे खत्म करना चाहिए। एडीएम सप्लाई अमित कुमार मालवीय ने कहा प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, आम दिनों की तुलना में बुधवार से अबतक ईंधन की औसत खपत में चार गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह स्थिति केवल पैनिक बाइंग के कारण उत्पन्न हुई है। अफ्वाहों के चलते लोग अपनी जरूरत से कहीं अधिक ईंधन भरवाने लगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में हवन संग किया गया कन्या पूजन





**पीडीडीयू, चंदौली।** मुगलसराय में गुरुवार को चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर पूज्य माँ श्री सर्वेश्वरी सेवा संघ, जलीलपुर पड़ाव स्थित आश्रम प्रांगण में धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम बाबा अनिलराम के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधि-विधान से हवन-पूजन के बाद कन्या पूजन किया गया। इसमें छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में एडवोकेट बी.ए.एन. सिंह, डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. राजेश चौहान, प्रशांत तिवारी, डॉ. अशोक मिश्रा, एडवोकेट अनिल सिंह, सुनीता चौहान, आशा दुबे सहित अघोरेश्वर गुरुकुल के बच्चे व शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सिलेंडर ब्लास्ट, गिरजा देवी की मौत, नहीं सह पायीं बेटे-बेटी की मौत की खबर

**वाराणसी।** वाराणसी के लहरतारा इलाके में 24 मार्च को हुए सिलेंडर ब्लास्ट में घायल गिरजा देवी (60) ने भी बीती रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके पहले मकान में ब्लास्ट से महिला के बेटे ओम कुमार चौधरी और बेटी प्रीति की मौत हो गई थी। जबकि बड़ा बेटा अमन और गिरजा देवी का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था। 40 घंटे बाद बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शव आज पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। बुजुर्ग महिला गिरजा देवी और उसके बड़े बेटे अमन का घटना के बाद से बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था। महिला को कई जगह चोट आयी थी और उसकी हालत गंभीर थी। ऐसे में बीती रात इलाज के दौरान गिरजा देवी ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों को इसकी सूचना मिली तो उनमे कोहराम मच गया। परिजन ट्रामा सेंटर पहुंचे तो पुलिस ने शव को उनके सामने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया।

# कई किसान नेता हाउस अरेस्ट, घरों के बाहर पुलिस तैनात

**वाराणसी।** पिंडरा स्थित रमईपुर चौराहे पर गुरुवार को प्रस्तावित किसान सभा से पहले ही पूरे इलाके में हलचल तेज हो गई। जिला काउंसिल उत्तर प्रदेश किसान सभा, वाराणसी के तत्वावधान में दोपहर 12 बजे किसानों को एकत्रित होने का आह्वान किया गया था। सभा को लेकर गांव-गांव में तैयारी चल रही थी और गंजारी, हरपुर, हरसोस समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि सुबह होते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और कई गांवों में पहुंचकर लोगों की आवाजाही पर नजर रखने लगी। कई किसान नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया गया। बताया गया कि यह किसान सभा छह सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित की जा रही थी। इसमें काशी द्वार भूमि विकास गृहस्थान बाजार योजना और वर्ल्ड सिटी एक्सपो, गंजारी, हरसोस व अन्य गांवों में प्रस्तावित नई टाउनशिप परियोजना का विरोध प्रमुख मुद्दा था। किसानों का कहना था कि इस योजना से उनकी जमीन और आजीविका प्रभावित होगी। इसके अलावा फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने, खाद-बीज और कीटनाशकों पर सब्सिडी देने, 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को 10 हजार रुपये मासिक पेंशन, मनरेगा का नाम न बदलने, 200 दिन रोजगार की गारंटी के साथ 600 रुपये मजदूरी तय करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष करने की मांगें भी शामिल थीं। सुबह गंजारी, हरपुर, हरसोस और आसपास के गांवों में पुलिस तैनात कर दी गई। किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे योगीराज पटेल को उनके घर पर ही रोक दिया गया। इसके अलावा हरसोस के ग्राम प्रधान ओम प्रकाश पटेल, रोहनिया क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पप्पू पटेल, गंजारी के प्रधान अमित, नागेपुर के प्रधान मुकेश पटेल और हरपुर के प्रधान शिवकुमार को भी पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के खिलाफ सड़कों पर उतरी महिलायें,हाथों में तख्तियां लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**वाराणसी।** ज्योतिषपीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के एक बयान के विरोध में गुरुवार को दलित महिला परिषद ने लमही स्थित मुंशी प्रेमचन्द स्मृति द्वार पर जमकर प्रदर्शन किया। इससे पहले दलित महिला परिषद की नेता खुशी रमन के नेतृत्व में महिलाओं ने मुंशी प्रेमचन्द स्मारक से प्रेमचन्द स्मृति द्वार तक आक्रोश मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां लिए, भिंची मुट्ठियों के साथ ड्रम की थाप पर नारे लगाती दलित महिलाओं ने शंकराचार्य के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। महिलाओं का आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने हाल ही में एक बयान में दावा किया था कि 10 लाख हिन्दू लड़कियों का विवाह मुस्लिम घरों में करा दिया गयाष्। इस बयान से नाराज दलित महिला परिषद की महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि स्वामी सरकार को पलटने की साजिश रच रहे हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को बदनाम करके सेकुलर दलों की तरह हिन्दू धर्म तथा दलित बेटियों को बदनाम करना चाहते हैं। दलित महिला परिषद की नेता खुशी रमन ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 10 लाख हिन्दू बेटियों का विवाह मुसलमानों के घर करवा दिया। इन्द्रेश कुमार ने स्वामी के इस बयान को सिरे से झूठा करार दिया। इस मामले के सामने आते ही दलित महिलाओं में गहरी नाराजगी फैल गई। खुशी रमन ने कहा कि इन्द्रेश कुमार दलितों के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं, इसलिए स्वामी उन्हें बदनाम कर रहे हैं। कई दलित महिलाएँ इन्द्रेश कुमार को अपना गुरु मानती हैं। महिलाओं ने स्वामी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनसे चुनौती दी है कि यदि उन्होंने 10 लाख हिन्दू लड़कियों के बारे में कहा है, तो कम से कम 10 हजार लड़कियों के नाम बता दें। उन्होंने स्वामी से सवाल किया, ष्अंबानी की शादी में जाने की फुर्सत तो है, लेकिन कभी किसी दलित बेटी की शादी में गए हैं। किसी दलित बच्चे को अपनी थाली में खाना खिलाया है? या किसी दलित महिला का सम्मान किया है। दलित महिला परिषद को समर्थन देने पहुँची डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि स्वामी को एक समाज सुधारक के बारे में इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए था। अगर 10 लाख शादियाँ हो रही थीं तो स्वामी उस समय चुप क्यों रहे? झूठ बोलकर उन्हें कुछ नहीं मिलेगा, सिवाय रुस्वाई के। महिलाओं की नेता सरोज देवी ने कहा, कोई भी हो, अगर हमारे गुरुदेव के खिलाफ बोलेगा तो हम सड़क पर आंदोलन करेंगी। जिन्हें बदनाम किया है, स्वामी उनके नाम बताएँ।

# नवरात्र पर घरों और मंदिरों में देवी आराधना, मंदिरों में गूंजा जयघोष

**बबराला।** नवरात्र के अवसर पर नगर व आसपास के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत रूप से देवी आराधना की जा रही है। सुबह से ही भक्तजन मंदिरों में पहुंचकर आरती, भजन और पूजा-अर्चना में लीन रहे। नगर के संतोषी माता मंदिर, खेड़ा मंदिर, लाइन पार मंदिर और चामुंडा मंदिर में मां भगवती का जयघोष गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। संतोषी माता श्री बाँके बिहारी मंदिर के पंडित श्याम बिहारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक है, जिसमें देवी के आशीर्वाद से जीवन के कष्ट, रोग, शत्रु बाधा और प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा की कामना की जाती है। उन्होंने बताया कि नवरात्र का अर्थ नौ रात्रियों से होता है और हिंदू धर्म में यह पर्व वर्ष में दो बार आता है—चैत्र और शरद नवरात्र। इस दौरान देवी पार्वती, लक्ष्मी और सरस्वती के नौ स्वरूपों–शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस अवसर पर मंदिरों में यज्ञ, भजन-कीर्तन और माता का जागरण भी आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर माता रानी को चुनरी अर्पित कर रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# जिला जज की संयुक्त टीम ने केन्द्रीय कारागार का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**वाराणसी।** केंद्रीय कारागार वाराणसी में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव शुक्ला, एडीएम सिटी वाराणसी आलोक कुमार वर्मा, डीसीपी वरूणापार जोन आकाश पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी के विधिक सचिव प्रवीण कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की संयुक्त टीम द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी सर्किलों में बन्दियों की परेड देखी गई तथा उनकी समस्याओं को सुना व समझा गया।

ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मंजूर कर ली गई है, और जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध हैं उसके संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई एवं निवारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।




कारागार अस्पताल की साफ सफाई एवं पाकशाला की स्वच्छता आदि को देखकर सभी उच्च अधिकारीगण संतुष्ट दिखे और सभी ने सराहना भी किया। निरीक्षण के अवसर पर वरिष्ठ कारागार अधीक्षक राधा कृष्ण त्रिपाठी, चिकित्सा अधिकारी अभिषेक सिंह, जेलर अखिलेश कुमार, डिप्टी जेलर अखिलेश कुमार मिश्र, अमित कुमार वर्मा, अशोक कुमार राय, किशन सिंह वाल्दिया, राजा बाबू, अयोध्या प्रसाद, फार्मासिस्ट संदीप खरे आदि अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## युद्ध के चलते दुनिया भर में 'ऊर्जा लॉकडाऊन' का डर!

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमरीका-इसराईल और ईरान युद्ध ने मात्र 4 सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एल.एन.जी. का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साऊथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एल.एन.जी. प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मुरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एल.पी.जी. और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाऊन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति, जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गतिविधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजैंसी (आई.ई.ए.) के प्रमुख फितह बिरोल ने इसे 'मेजर, मेजर थ्रैट' बताया है। होर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और ए.आई. तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बंगलादेश ने पहले ही ईंधन राशङ्क्षनग लागू कर दी है। श्रीलंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पैट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एल.पी.जी. सिलैंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाऊन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि होर्मुज 2-3 महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी। लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है। शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। खबरों के अनुसार, अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफके बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15 प्वॉइंट प्रस्ताव अमरीका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें होर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं। सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग प्वॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमरीका को घरेलू आर्थिक दबाव और इसराईल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। वाशिंगटन इंस्टीच्यूट और स्टिमसन सैंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इसराईल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मुरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि बने रहेंगे। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य-पूर्व से आता है लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। 'ऊर्जा लॉकडाऊन' से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है। लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमरीका, इसराईल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में 'ऊर्जा लॉकडाऊन' का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

## सर्वदलीय बैठक के मायने

ऐसी सर्वदलीय बैठक के मायने और उसकी सार्थकता ही क्या है, जिसमें न तो प्रधानमंत्री मोदी और न ही नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी उपस्थित हों? ईरान युद्ध के बाद संकट वैश्विक है, कई देशों ने आपातकाल तक घोषित कर दिया है, पाबंदियां भी थोपी जा रही हैं और भारत भी प्रभावित है, लिहाजा ऐसी स्थिति में सरकार की ओर से जवाब कौन देगा? सत्ता और विपक्ष को सर्वदलीय बैठक में शिद्दत से तमाम मुद्दों पर विमर्श करना चाहिए था, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने बैठक का बहिष्कार किया, क्योंकि उसकी राजनीतिक लड़ाई भाजपा से है। यह बैठक भाजपा की नहीं थी, भारत सरकार ने बुलाई थी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी गैर-हाजिर रहे, जबकि वह दिल्ली में ही थे। संभव है कि माता जी सोनिया गांधी के अस्वस्थ होने के कारण वह न आए हों, लेकिन उन्हें बताना चाहिए था।

# वैश्विक ऊर्जा संकट बनाम लॉकडाउन की आशंका?- क्या दुनियाँ फिर कोविड-19 जैसे दौर की ओर बढ़ रही है या यह केवल भय और अफवाहों का जाल है? -समग्र विश्लेषण









गोंदिया - वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी ने दुनियाँ को जिस तरह से झकझोर कर रख दिया था,उसकी स्मृतियाँ आज भी लोगों के मन में ताज़ा हैं। 2020-21 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन,आर्थिक गतिविधियों का ठप होना,सड़कों पर सन्नाटा और अनिश्चित भविष्य ये सब अनुभव आज भी समाज की सामूहिक चेतना में गहराई से बसे हुए हैं।ऐसे में जब 2026 में ऊर्जा संकट, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और सरकारों की लगातार बैठकों की खबरें सामने आती हैं,तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में यह सवाल उठता है,क्या दुनियाँ एक बार फिर लॉकडाउन की ओर बढ़ रही है? क्या यह एक नए प्रकार का ऊर्जा लॉकडाउन होगा? या यह केवल अफवाहों औरसोशल मीडिया की उपज है?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं क़ि इस बार संकट का कारण कोई वायरस नहीं,बल्कि ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अनिश्चितताएँ हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका ने कई देशों को सतर्क कर दिया है। कुछ देशों में बिजली की खपत कम करने के लिए स्कूल-कॉलेजों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है,सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में केवल चार दिन काम का मॉडल अपनाया जा रहा है, और वर्क फ्रॉम होम को फिर से प्रोत्साहित किया जा रहा है।यह स्थिति भले ही कोविड जैसी स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव उतने ही गहरे हो सकते हैं।श्रीलंका जैसे देशों में पहले से ही ऊर्जा संकट के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि ऊर्जा संकट केवल आर्थिक समस्या नहीं है,बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और नागरिक जीवन को भी सीधे प्रभावित करता है।भारत की स्थिति की व्याख्या हम,सतर्कता लेकिन घबराहट नहीं के रूप में कर सकते हैं,भारत भी इस वैश्विक संकट को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 26 मार्च 2026 को शाम साढ़े छह बजे बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है।इन बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में तेल,गैस और अन्य आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के पास लगभग 60 दिनों का ईंधन भंडार उपलब्ध है, जो तत्काल किसी बड़े संकट की संभावना को कम करता है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।वित्त मंत्री संसदीय कार्य मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री ने संयुक्त रूप से बयान देकर इन अफवाहों को खारिज किया है। भारत में लॉकडाउन के संदेह का जन्म संसद में पीएम के बयान की गलत व्याख्या,अफवाहों के कारण कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग की स्थिति उत्पन्न हुई, इंडियन ऑइल कारपोरेशन और भारत पेट्रोलियम ने सफाई दी हैसरकार का स्पष्ट संदेश है क़ि देश में पर्याप्त फ्यूल स्टॉक मौजूद है।

लॉकडाउन और फ्यूल क्राइसिस की खबरें पूरी तरह भ्रामक है सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी से सतर्क रहने की अपील की गई है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीयमंत्री ने सोशल मीडिया पर चल रही लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह गलत और हानिकारक बताया है। लोग घबराएं नहीं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें, क्योंकि ईंधन और जरूरी वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया और अफवाहों का तंत्र- डर का नया स्रोत इसको समझने की करें तो आज के डिजिटल युग में सूचना जितनी तेजी से फैलती है,उतनी ही तेजी से भ्रम और अफवाहें भी फैलती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऊर्जा लॉकडाउन और देशव्यापी बंदी जैसे शब्द ट्रेंड करने लगे,जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया।पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने लगीं,गैस सिलेंडर और आवश्यक वस्तुओं की खरीद अचानक बढ़ गई।यह स्थिति बताती है कि संकट केवल वास्तविक नहीं होता, बल्कि उसकी धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है,तो उनका व्यवहार भी उसी अनुसार बदल जाता है,चाहे वास्तविक स्थिति उतनी गंभीर न हो। साथियों बात अगर हम भारत की रणनीति- संतुलन और स्थिरता को समझने की करें तो भारत ने पिछले कुछवर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में विविधीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा पर बढ़ता जोर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, और आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण ये सभी कदम भारत को इस प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम बनाते हैं।सरकार का वर्तमान फोकस स्पष्ट है-आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखना,कीमतों को नियंत्रित रखना,जनता में घबराहट को रोकना,जनता की भूमिका-संयम और जागरूकता- किसी भी संकट के दौरान सरकार की नीतियों के साथ-साथ जनता का व्यवहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि लोग अफवाहों पर विश्वास करके अनावश्यक खरीददारी करते हैं, तो इससे कृत्रिम संकट उत्पन्न हो सकता है।इसलिए यह आवश्यक है कि लोग केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें। साथियों बात अगर हम राजनीतिक बयानबाज़ी और उसक़े प्रभाव को समझने की करें तो,इस पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक बयानबाज़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बार फिर लॉकडाउन लगा सकती है और लोगों को घरों में कैद कर सकती है।उन्होंने 2021 के लॉकडाउन और चुनावों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी।

## वाह सुक्खू बोलिए, वाह!

इसी 21 मार्च को जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य का वार्षिक बजट पेश किया तो एक क्रांतिकारी काम किया। अफसोस यह है कि उसकी चर्चा उसे हिसाब से नहीं हुई। शायद ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध कारण होगा लेकिन मीडिया, खासकर प्रिन्ट मीडिया को देखें तो दूसरे विषय भी पर्याप्त जगह पा रहे हैं- जी हां क्रिकेट का आईपीएल टूर्नामिंट तो शुरू होने के पहले से भर-भर पन्ने जगह पाने लगा है। हिमाचल भी इधर क्रिकेट में आयोजन के चलते चर्चा में रहा था, अपने आयोजक अधिकारियों के लिए विमान से मर्सीडीज टैक्सियां लाने ले जाने के लिए क्योंकि धर्मशाला जैसी छोटी जगह में ऐसी टैक्सियां कोई लेता ही नहीं। संयोग से क्रिकेट प्रशासन आजकल भाजपाई नेताओं के हाथ में है और सुक्खू साहब कांग्रेसी हैं। उन्होंने राज्य की वित्तीय परेशानियों के मद्देनजर अपना वेतन समेत सारे मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के वेतन में कटौती की और इसे छह महीने तक टालने का फैसला किया। विधायकों और छोटे अधिकारियों का वेतन बीस फीसदी कम हुआ तो मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के वेतन में तीस फीसदी कटौती हुई और खुद मुख्यमंत्री ने अपना वेतन पचास फीसदी कम कर दिया। छोटे कर्मचारियों और पेंशन वालों के लिए कोई कटौती नहीं हुई। अब हिमाचल में आर्थिक आपातकाल है या नहीं यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन इस कदम पर कोई बहस नहीं हो सकता और आम तौर पर इसकी तारीफही हुई है-शिकायत है तो यही कि ज्यादा शोर क्यों नहीं मचा। चर्चा तो हिमाचल विधान सभा में हुई लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की आलोचना बजट का आकार घटाने पर केंद्रित थी तो उनकी चिंता राज्य की अर्थव्यवस्था के पीछे जाने की थी। मुख्यमंत्री केंद्र से मिलने वाले लगभग आठ हजार करोड़ का अनुदान रोके जाने की शिकायत के साथ बजट के आकार में कमी को भी उसी से जोड़ते रहे। दिलचस्प है कि हिमाचल की कटौती की चर्चा कर्नाटक विधान सभा में हुई और भाजपा विधायक वी सुनील कुमार ने कर्नाटक के बजट की 14 फीसदी रकम सब्सिडी पर और एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम चुनावी रेवड़ियों पर खर्च का हवाला देते हुए हिमाचल जैसी स्थिति आने की चेतावनी दी। हिमाचल में कांग्रेस ने कई बड़े वायदे किए थे जिनमें पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाना भी शामिल था और सुक्खू साहब बार-बार आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए इनमें से कई योजनाओं पर अमल टालते रहे थे। भाजपा इसे देश भर में मुद्दा बनाती रही थी। हिमाचल ही नहीं कि अन्य राज्यों के ऐसे अनुभव का कोई प्रभाव चुनावी वायदों पर पड़ता नहीं दिखा है। अभी घोषित चुनावों में भी हर दल बढ़-चढ़ कर वायदे किए जा रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यह एक नई शुरुआत है और इसमें संभावना है कि चुनावी वायदों पर स्वैच्छिक अंकुश के साथ गरीब और अमीर राज्यों की सरकारों के आचरण में फर्क की शुरुआत हो। और इस लेखक जैसे काफी लोग हैं जिन्हें लगता है कि यह प्रयोग तो भारत सरकार के स्तर पर भी दोहराया जाना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री दावा जो करें हम अभी भी एक गरीब देश हैं और सुरक्षा या शान जिस भी नाम से हो हमें विकसित देशों जैसे खर्च से बचना चाहिए। हजारों करोड़ रुपए का विशेष विमान अमेरिकी राष्ट्रपति रख सकते हैं हमारे लिए वह बोझ है और अगर कोई देश या प्रांत गरीब है तो गरीबी का अनुभव और किफायतों का बोझ सिर्फ आम लोग क्यों उठाए? पहले तो यह काम कथित नेता या अगुआ लोगों को करना चाहिए। उनको विदेशों से या बहुराष्ट्रीय निगमों के अधिकारियों से तुलना नहीं करनी चाहिए। एक न्यूनतम जरूरत का खयाल रखते हुए उन्हें अपने वेतन और सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें कहने के बाद जनता के पैसे से शीश महल बनवाने और उड़न खटोले में घूमने से बचना चाहिए। और कहना न होगा कि इस मामले में हिमाचल के फैसलों के अनुसरण में बिहार, ओडिशा, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को आगे आना चाहिए और कांग्रेस तथा भाजपा जैसी पार्टियों को दबाव बनाकर अपनी सरकारों के शाहखर्ची पर रोक लगानी चाहिए।

चुनावी वायदों का पिटारा खोलते वक्त पार्टियां और नेता उनसे जुड़ी परेशानियां तो भूलते ही हैं अपने राज्य या मुल्क की आर्थिक स्थिति को लेकर रोना रोने में भी वे होड़ लगाते हैं, पर कोई भी खर्चों में कमी या किफायत वाले कदम नहीं उठाता। छोटे-छोटे राज्यों के पास सरकारी विमानों का बेड़ा सा है जिसे नेता और अधिकारी जहां तहां लिए घूमते रहते हैं। कोई कायदा कानून इन पर लागू नहीं होता। कभी पार्टियां दूसरे की सरकारों की वित्तीय परेशानियों की चर्चा तो कर लेती हैं लेकिन जब अपनी सरकारों की बारी आती है तो एकदम दूसरा रुख अपना लेती है। हिमाचल के आसपास ही महाराष्ट्र सरकार बनी तो उसको भी चुनावी वायदों को लेकर दिक्कत हुई। कई योजनाएं टलीं और लाड़ली बहन योजना समेत कई की लाभार्थियों की सूची में कतर-ब्योंत हुई। लेकिन जैसे ही स्थानीय निकाय के चुनाव आए उसी महाराष्ट्र सरकार ने दो-दो महीने का एडवांस पैसा लाभार्थियों के खाते में भेजने का फैसला किया। जब अदालत ने इस पर रोक लगाई तब जाकर फैसला टला। इसका राजनैतिक संदेश तो पहुंच ही गया। सबसे गरीब बिहार में चुनाव घोषणा के साथ ही हर महिला के खाते में दस-दस हजार रुपये डाल दिए गए, भले ही बच्चों की छात्रवृत्ति और लड़कियों की स्कूली वर्दी का कार्यक्रम टल गया। अब इस आलेख से चाहे जो उम्मीद बांधी जाए लेकिन हिमाचल का उदाहरण दोहराए जाने की खबरें आने की संभावना कम ही है। उलटे जो प्रवृत्ति दिन ब दिन बढ़ती गई है उसके आगे बढ़ने का अंदेशा है। ममता दीदी को भी चुनावी अवसर पर फैसले करने की याद आ गई जो लंबे शासन में भुलाए रही थीं जबकि आज की तारीख में सबसे किफायती जीवन जीने वाली मुख्यमंत्री वही होंगी। और उनको भी अनुभव होगा कि कोई भी दूसरा नेता आज उनका अनुसरण नहीं कर रहा है, उस माकपा का भी जिसमें नंबूदरीपाद ही नहीं नयानार और अच्युतानन्दन जैसे मुख्यमंत्री हुए हैं। कांग्रेस में भी एंथनी और मनमोहन सिंह का उदाहरण कोई नहीं दोहराता। लेकिन व्यक्तिगत किफायत का अपना जो महत्व हो सरकारी किफायत मुल्क और प्रदेश के लिए ज्यादा महत्व की चीज है और इसके लिए हिमाचल के इस नए कदम का अनुसरण किया जाना चाहिए।




**मेष:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।
**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।
**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।
**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।
**सिंह:-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।
**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।
**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।
**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।
**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।
**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।
**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरें में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।
**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

## अपना धर्म बनाए रखने की 'स्वतंत्रता'

जूलियो रिबैरो

'वैस्टर्न रीजन बिशप्स काऊंसिल' से संबद्ध महाराष्ट्र के कैथोलिक बिशपों ने हाल ही में महाराष्ट्र राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों द्वारा पारित 'फ्रीडम ऑफ रिलीजन' विधेयक के खिलाफ आधिकारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा किया। एक कैथोलिक के रूप में, मुझे बहुत निराशा होती यदि बिशप संविधान के उस अपमान को चुपचाप स्वीकार कर लेते, जो यह 'स्वतंत्रता' अपने साथ लाती है।
संविधान के इस 'अपमान' पर विस्तार से चर्चा करने से पहले, मैं वर्तमान भाजपा सरकार के पक्ष में एक बात कहना चाहता हूं। उनके पास हास्य की अच्छी समझ है! एक नागरिक को अपनी पसंद के धर्म को चुनने या उसका पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित करना और फिर उस प्रतिबंध को 'स्वतंत्रता' का नाम देना वाकई किसी जादूगर की हाथ की सफाई जैसा है। हमारे प्रधानमंत्री 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करते हैं, लेकिन उनके अनुयायी मुसलमानों को (जो उनकी नफरत का मुख्य लक्ष्य हैं) ङ्क्षहदू इलाकों में अपना सामान बेचने की अनुमति नहीं देते, जबकि वे अनंत काल से ऐसा करते आ रहे हैं। व्यक्तिगत रूप से, मैं धर्म परिवर्तन के पक्ष में नहीं हूं। मेरा कहने का मतलब यह है कि हमारे पादरियों और ननों को अन्य धर्मों के अनुयायियों को ईसाई धर्म की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से जानबूझकर 'सुसमाचार' का प्रचार नहीं करना चाहिए। लेकिन अगर सत्य, न्याय, दया और करुणा के उनके ईसाई जीवन से प्रभावित होकर कुछ गैर-ईसाई, ईसाई धर्म की ओर आकर्षित होते हैं, तो क्या हमारे पादरी और नन इन संभावित 'धर्म परिवर्तन करने वालों' को भगा सकते हैं? वे ऐसा नहीं कर सकते और उन्हें ऐसा करना भी नहीं चाहिए। भारतीय संविधान इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट है। ईसाई और इस्लाम दोनों के विवाह नियमों में यह आवश्यक था कि चर्च या मस्जिद में विवाह करने वाले दोनों पक्ष एक ही धर्म के हों। यदि वे नहीं थे, तो गैर-ईसाई को ईसाई धर्म में और गैर-मुस्लिम को इस्लाम में परिवर्तित होना पड़ता था, यदि विवाह उनके संबंधित कानूनों और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करना हो। कैथोलिक चर्च ने दशकों पहले इस मजबूरी को त्याग दिया है। जब गैर-कैथोलिक पक्ष द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए अनुरोध किया जाता है, तो पादरी उन्हें सूचित करते हैं कि धर्म परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है। वे यह भी जोड़ते हैं कि पक्षकार इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए 5 या उससे अधिक वर्षों तक प्रतीक्षा कर सकते हैं। मैं यहां नौसेना के 2 डॉक्टरों का मामला बताता हूं, जो पुणे के ए.एफ.एम.सी. (आर्म्ड फोर्सेज मैडिकल कॉलेज) के छात्र थे और अलग-अलग धर्मों के थे। पढ़ाई के दौरान उन्हें प्यार हो गया। दूल्हा पुणे नगर पालिका के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का बेटा था। उसकी मां और मेरी मां बारदेज तालुका के छोटे से गोअन गांव बादेम में पड़ोसी और सहपाठी थीं। दुल्हन भारतीय सेना के एक सेवारत या सेवानिवृत्त मेजर जनरल की बेटी थी और पुणे के एक प्रसिद्ध चितपावन ब्राह्मण परिवार से थी। जब जोड़ा शादी के बंधन में बंधने के अपने इरादे की घोषणा करने के लिए एक जेसुइट पादरी (जो एक जर्मन थे) के पास गया, तो लड़की ने कहा कि वह कैथोलिक धर्म अपनाने को तैयार है। तुरंत जवाब आया, 'ऐसी कोई आवश्यकता नहीं है। वास्तव में, मैं आपको सलाह देता हूं कि ऐसा कोई भी निर्णय लेने से पहले कम से कम पांच साल प्रतीक्षा करें।' और यह अच्छा ही रहा। क्योंकि उनका बेटा पैदा होने के तुरंत बाद, अधिकारी ने नौसेना की विमानन शाखा के सहयोगियों के साथ हैलीकॉप्टर में एक सवारी की और कभी वापस नहीं आए। हैलीकॉप्टर समुद्र में गायब हो गया और उसमें सवार सभी लोग मारे गए। मेरी मां की सहपाठी ने मेरी मां को बताया कि उन्होंने और उनके पति ने युवा विधवा को दोबारा शादी करने के लिए राजी किया, जो उसने कर ली। पूर्व बहू और उसके पहले पति के परिवार के बीच संबंध अब भी घनिष्ठ और आत्मीय बने हुए हैं। मैं इस मामले का विस्तार से उल्लेख यह साबित करने के लिए कर रहा हूं कि कैथोलिक चर्च पिछले कुछ वर्षों में नाटकीय रूप से बदला है और उसने चर्च की शिक्षाओं को आधुनिक विचारों के साथ समायोजित किया है। वर्तमान में, 'जबरन धर्म परिवर्तन' के आरोप से बचने का एकमात्र समाधान 'मैरिज रजिस्ट्रार' के कार्यालय में शादी करना है, जैसा कि मेरी बेटी ने किया था। हाल ही में, गुजरात उच्च न्यायालय ने एक मुस्लिम पुरुष साथी को रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी करने और अपनी हिंदू महिला साथी के खाते में 3 लाख रुपए जमा करने का आदेश दिया, ताकि उसके माता-पिता की इस मांग को खारिज किया जा सके कि उसे उसके मायके वापस भेज दिया जाए। लड़के ने तुरंत इसका पालन किया, जिससे साबित हुआ कि उसका प्यार सच्चा था और किसी 'जिहाद' से प्रेरित नहीं था। कुछ राज्यों में सत्ता में बैठी भाजपा सरकारों को अपने उस मुख्य वोट बैंक को खुश करना पड़ता है, जिसे यह झूठ परोसा गया है कि हर मुस्लिम पुरुष की 4 पत्नियां और एक दर्जन बच्चे होते हैं। उनसे कहा जाता है कि एक समय आएगा जब मुसलमानों की संख्या हिंदुओं से अधिक हो जाएगी और वे शरीयत के कानून लागू कर देंगे। इस वर्ग के जागरूक लोग जानते हैं कि ये आंकड़े गलत हैं लेकिन वे हिंदू गौरव को बनाए रखने के लिए इस रास्ते पर चलते दिख रहे हैं। धर्म की 'स्वतंत्रता' की रक्षा के लिए बनाया गया यह कानून छोटे से ईसाई समुदाय को भी प्रभावित करेगा। शादी के बाद होने वाले कुछ धर्म परिवर्तन जरूर होते हैं लेकिन हमारे पादरियों को स्वयं यह निर्देश दिया गया है कि वे शादी संपन्न होने से पहले गैर-कैथोलिक साथी को सलाह दें कि धर्म परिवर्तन की कोई आवश्यकता नहीं है, जैसा कि पांच दशक या उससे पहले हुआ करता था।

दैनिक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें — सबसे तेज, सबसे पहले

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, कथाएं, आर्टिकल या अपने शहर से जुड़ी कोई भी समस्या या विशेष कवरेज। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करने का प्रयास करेंगे।

हेड ऑफिस
शॉप नंबर- 04 दयाल मार्केट, हिमसिटी,
कंचनपुर-मटियारी देवा रोड, चिनहट, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र-7080480403

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक शिव प्रकाश तिवारी द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, देवपुरी भवन संजय गांधी मार्ग लखनऊ उत्तर प्रदेश से छपवाकर, शॉप नं०-४ दयाल मर्किट, हिमसिटी कंचन पुर मटियारी देवा रोड चिनहट लखनऊ से प्रकाशित किया।
सम्पादक
शिव प्रकाश तिवारी
सम्पर्क सूत्र-7080480403
प्रधान सम्पादक
ब्रांच ऑफिस- निकट काशीराम कॉलोनी लौलाई, चिनहट, लखनऊ
मो. 6306589368

# चुनाव कार्यालय उद्घाटन में एकजुट दिखे अधिवक्ता

**➲ संगठन के प्रत्याशियों की जीत के लिए अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन**




**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के चुनाव में सभी से संगठनों ने अपनी-अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने एव प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए संगठनों की ओर से पुरजोर कोशिश जारी है। अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के बाद चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर डीबीए चुनाव में जीत हासिल करने की औपचारिक शुरुआत हो गयी है।

गुरुवार को व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन की ओर से सिविल लाइन निकट पार्षद चौराहा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष सूर्यबली निषाद द्वारा किया गया। संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बाबू सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकांत वर्मा, महामंत्री प्रत्याशी मोहम्मद शाहजहां, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी विनोद पासवान, उपाध्यक्ष देवनारायण तिवारी द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं का स्वागत कर उनसे जीत के लिये समर्थन मांगा गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार पांडेय, वसीम अंसारी, प्रमोद उपाध्याय, तगुरु प्रसाद, रामदास उत्तम, शैलेंद्र पटेल, बृजेश बाजपेई, वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, आसिफ मकसूद, बाबूलाल करुणाकर, मायाराम, फूल सिंह यादव, प्रवीण द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह यादव, राम सिंह, बीके वर्मा, मजहर, राजन श्रीवास्तव, रमेश चंद वर्मा, संतोष वर्मा, विजय सिंह, रंजीत कुमार, राजकुमार सिंह लोधी, राजकरण सिंह, सेवालाल दिवाकर, नमिता यादव, छाया सिंह, प्रियंका यादव, शैलेंद्र कुमार यादव, लखन मौर्य, गुरु प्रसाद, श्रीकृष्ण गुप्ता, जय नारायण द्विवेदी, रंजन श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, कमलेश शुक्ला, रामदत्त त्रिवेदी, उमेश द्विवेदी, मुलायम सिंह यादव, इंद्रजीत यादव भी मौजूद रहे। व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष श्रीराम पटेल एडवोकेट द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं से डीबीए चुनाव में व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के संयुक्त प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए समर्थन मांगा गया।

## निवर्तमान के मोह में फंसी जिले की राजनीति, पूर्व कहलाने में आती शर्म?

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** राजनीति में पद तो आता-जाता रहता है, लेकिन पद के साथ जुड़ा मोह शायद ताउम्र पीछा नहीं छोड़ता। जिले के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों एक अजीबोगरीब भाषाई सर्कस देखने को मिल रहा है। जिले के कई माननीय, जिनमें पूर्व विधायक से लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष तक शामिल हैं, अपने नाम के आगे पूर्व की जगह निवर्तमान लिखने में अपनी शान समझ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई ऐसे दिग्गज हैं जिन्हें पद छोड़े, हटाए गए या जनता द्वारा नकारे गए सालों बीत चुके हैं। बावजूद इसके, सोशल मीडिया की पोस्ट हो, शादी के कार्ड हों या फिर प्रेस नोट, हर जगह ये खुद को निवर्तमान ही लिख रहे हैं। नियमतः निवर्तमान शब्द का प्रयोग केवल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जिसका कार्यकाल अभी-अभी समाप्त हुआ हो और नया उत्तराधिकारी पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया में हो लेकिन हमारे जिले में तो गंगा ही उल्टी बह रही है। सालों पहले पूर्व हो चुके नेता भी खुद को निवर्तमान बताकर शायद यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें इतिहास का हिस्सा न माना जाए, हम अभी भी रेस में हैं। जानकारों की मानें तो निवर्तमान शब्द के पीछे एक मनोवैज्ञानिक डर और बड़प्पन की झूठी ठसक छिपी है। पूर्व शब्द राजनीति में एक पूर्णविराम की तरह महसूस होता है, जबकि निवर्तमान में एक निरंतरता का भ्रम बना रहता है। विशेषकर सत्ताधारी दल में यह चलन ज्यादा है, जहाँ नेताजी अपनी पुरानी ठसक छोड़ने को तैयार नहीं दिखते। आम जनता के बीच अब यह चर्चा का विषय है कि जब नया अध्यक्ष या नया विधायक पूरी सक्रियता से मैदान में है।

# लिल्स बगिया में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**बच्चों को पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना**

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के सिविल लाइन स्थित लिल्स बगिया में गुरूवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स के डिप्टी डायरेक्टर डिसिप्लिन एंड विजिलेंस आदित्य पटेल ने शिरकत की। इसके अलावा विद्यालय के निदेशक अतुल सिंह सचान व प्रबंधिका नेहा सिंह सचान ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। आदित्य पटेल व नेहा सिंह सचान ने वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।



शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सक्रिय अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा पीजी में अनिरूद्ध सिंह चौहान ने प्रथम, आकृषि ने द्वितीय, नव्या राजपूत व वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी में कुंवर रूद्राश प्रताप सिंह, आद्रिका मिश्रा ने प्रथम, श्लोक ने द्वितीय व कृति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से अनन्या शुक्ला ने प्रथम, विराज माधव ने द्वितीय व ईशान साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा एक में आव्या श्रीवास्तव प्रथम, आयुष्मान द्वितीय व ईशानी पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा दो में अनिका उमराव प्रथम, अभिषेक द्वितीय व काव्या तृतीय रहीं। कक्षा तीन में सक्षम यादव प्रथम, आदविका सिंह द्वितीय व अवितथ पटेल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में कार्तिकेय प्रथम, अनव सिंह राजपूत द्वितीय व मिस्टी कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा पांच में निरवान नौशाद प्रथम, शुभी द्विवेदी द्वितीय व निर्वेद निषाद तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कन्य कक्षाओं में भी बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया।

# सशक्त महिला प्रधान विषय पर आधारित है अवधी फिल्म दंश

**31 मार्च को प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर होगी रिलीज**



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** अवधी फिल्म दंश एक सशक्त महिला प्रधान विषय पर आधारित है, जिसमें समाज में महिलाओं की स्थिति, संघर्ष और उनकी आवाज़ को प्रमुखता से दर्शाया गया है। यह फिल्म 31 मार्च को एनजे फिल्म प्रोडक्शन के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी। यह बात फिल्म के निर्देशक नदीम जावेद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होने बताया कि फिल्म में मुख्य कलाकारों में किरन गौतम, विनोद कॉमेडियन, अज़मी कमर, अनिल मौर्या, कुलदीप विश्वकर्मा, ज्योति गुप्ता, वेद प्रकाश, रामजी श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, आरती गुप्ता, विकास ओबरॉय सहित कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म का निर्माण एनजे फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। जिसके निर्माता एनजे फिल्म प्रोडक्शन ही है। फिल्म की कहानी को प्रतिभा सुरेश खांडेकर ने लिखा है। कैमरामैन की भूमिका अनिल मौर्या एवं राजा कश्यप ने निभाई है। श्री जावेद ने बताया कि दंश केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को एक मजबूत संदेश देने का प्रयास है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। हमारा बैनर हमेशा कोई न कोई सामाजिक फिल्मों का निर्माण करता आया है और आगे भी तीन फिल्में लगातार आएंगी। जिसमें धरती के भगवान, लिफाफा-2, नालायक-2, आभागिन-3 हैं। जिनका निर्माण बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है।

# सनातन राष्ट्र धर्म परिषद के युवा जिलाध्यक्ष बने आदित्य

**➲ हिंदू धर्म के लोगों को जागरूक करने का करेंगे काम**



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के कलक्टरगंज स्थित एक मैरिज हाल में अखिल भारतीय सनातन राष्ट्र धर्म परिषद संगठन के आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में आदित्य श्रीवास्तव को अखिल भारतीय सनातन राष्ट्र धर्म परिषद का युवा जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक का आयोजन करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष शुभम रस्तोगी ने कहा कि संगठन को बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। आगे हम लोग गांव गांव लोगों से मिलकर हिन्दू धर्म के लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। हिंदुओ के अधिकारों का अगर कोई शोषण करना चाहेगा तो उसे मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू आपस में कई जातियों में विभाजित है लेकिन हम सब हिन्दू व सनातनी हैं। सभी हिन्दू संगठनों जैसे बजरंगदल, गौसेवा रक्षा दल, विश्व हिंदू परिषद के लिए काम कर रहे हैं। हमारा संगठन सभी को साथ लेकर सनातन को मजबूत करने का काम करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह गौर, बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर चंदन सिंह राणा, बजरंग सेना जिला सचिव, चंद्रमणि पांडेय, अखिल भारतीय राष्ट्रीय धर्म परिषद प्रदेश मीडिया प्रभारी, हैप्पी सिंह जिला उपाध्यक्ष, हार्दिक गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, गौरव मिश्रा जिला महामंत्री, सौरभ दुबे, पंकज उपस्थिति रहे। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया।

## युवक ने पेड़ से लटककर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव में गुरुवार सुबह एक युवक द्वारा पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बड़ागांव निवासी राजा यादव 35 वर्ष पुत्र रतिराम यादव, जो जम्मू में नीलकमल कंपनी में मजदूरी करता था, फरवरी माह में परिवार की एक शादी में शामिल होने के लिए गांव आया हुआ था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात रोज की तरह वह खाना खाने घर आया था, तभी किसी बात को लेकर उसकी पत्नी केशकली से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि राजा यादव घर से चादर लेकर बाहर निकल गया। सुबह करीब 6 बजे जंगल की ओर जाने वाले ग्रामीणों ने गांव के ही रामानुज द्विवेदी के बाग में आम के पेड़ से युवक का शव लटकता देखा। इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी केशकली और चार बच्चों कुलदीप 18 वर्ष, काजल, लक्ष्मी और संदीप को छोड़ गया है। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलने पर गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कृष्णा फार्मास्यूटिकल्स व सांवरिया क्लीनिक का हुआ शुभारंभ



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** स्पोर्ट्स स्टेडियम के सामने शांतीनगर में कृष्णा फार्मास्यूटिकल्स एवं सांवरिया क्लीनिक का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। क्लीनिक का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित कुमार की माताजी सावित्री देवी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन के पश्चात फीता काटकर किया। संस्थान के संचालक सुमित कुमार ने बताया कि इस क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को एक ही छत के नीचे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। यहां 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। क्लीनिक में अनुभवी डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है, जिनमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह, नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ डॉ. शंकर कबीर, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजलि सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. दिव्यांश राजपूत, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रिचा पांडेय शामिल हैं। इस मौके पर अमित कुमार, रीता देवी, शालिनी देवी और सावित्री देवी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस क्लिनिक के खुलने से क्षेत्र के मरीजों को अब विशेषज्ञ परामर्श के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने पीएम से की मुलाकात



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भारत सरकार की पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व जिले की पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। साध्वी ने इस महत्वपूर्ण पद पर विश्वास जताने के लिए प्रधानमंत्री का कृतज्ञता व्यक्त की। आयोग की अध्यक्ष के निजी सहायक शिव प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि साध्वी निरंजन ज्योति ने प्रधानमंत्री को इस गरिमामय नियुक्ति के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया और पिछड़े वर्गों के उत्थान में अपना पूर्ण योगदान देने का संकल्प दोहराया।

बताते चलें कि साध्वी निरंजन ज्योति ने 18 मार्च को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया था। हमीरपुर जिले के पत्योरा गांव में निषाद बिरादरी में जन्मीं साध्वी निरंजन ज्योति कथावाचक से शुरू करके विधायक, सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री तक का सफर तय कर चुकी हैं। वे निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर भी हैं। इस नियुक्ति को पिछड़े वर्गों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर लगातार जोर दे रही है। साध्वी निरंजन ज्योति ने मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री का यह विश्वास उन्हें पिछड़े वर्गों की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। उन्होंने आयोग के माध्यम से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और पिछड़े वर्गों के विकास से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का भरोसा जताया।

# शुद्ध पेयजल से जल जनित रोगों से बचेंगे ग्रामीण: विकास



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शासन की शीर्ष प्राथमिकता के कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड हसवा की ग्राम पंचायत घनघोल में पेयजल योजना का विधायक विकास गुप्ता की अध्यक्षता व ग्राम ग्रामवासियों की उपस्थिति में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेयजल योजना विगत एक वर्ष से संचालित है। लगातार क्लोरीनउक्त पानी की सप्लाई की जा रही है। विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए योजना से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया कि शुद्ध पेयजल पीने से ग्रामवासी जल जनित रोगों से बचेंगे और बीमारी के इलाज में खर्च होने वाला पैसा भी बचेगा। लोगों से अपील किया कि पानी को व्यर्थ न बहाएं। घनघोल ग्राम पेयलज योजना से विधायक संतुष्ट रहे और अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, कंस्ट्रक्शन कंपनी, जल जीवन मिशन की समस्त टीम की सराहना भी किया। पेयजल योजना के निर्माण से लोगों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने विधायक को इस योजना के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, सहायक अभियंता कैलाश चंद्र, अवर अभियंता विवेक कुमार, टीपीआई से डीपीएम कृष्ण कुमार खरे, कार्यदाई संस्था से भाविक, मनोज तिवारी, अंकुर, आईएसए कोआर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, सीबीटी स्वाति अवस्थी, जीआईएस जितेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान जानकी देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# हवन पूजन के बीच आदर्श अधिवक्ता संगठन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मियां तेज़ हो गयी है। अधिवक्ताओं के विभिन्न संगठनों को ओर से बार चुनाव में अध्यक्ष महामंत्री समेत अन्य पदों की घोषणा के बाद अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर डीबीए चुनाव का शंखनाद कर दिया गया। गुरुवार को आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह, महामंत्री प्रत्याशी अनुराग नारायण के सिविल लाइन पत्थरकटा के निकट एक मैरिज लान में चुनाव कार्यालय का हवन पूजन एव विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बीच चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े अधिवक्ताओं ने डीबीए चुनाव में अपने गुट के अधिवक्ताओं के सभी पदों पर जीत के दावे किये। कहा कि डीबीए के चुनाव में उनका संगठन अधिवक्ताओं के बीच सबसे ज़्यादा लोकप्रिय है। अधिवक्ताओं का स्नेह उनके साथ नामांकन के पश्चात सभी अधिवक्ताओं से मिलकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जायेगा और संगठन की ओर से अधिकृत सभी पदों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिये प्रचार किया जायेगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, डीबीए के पूर्व अध्यक्ष सुशील मिश्रा, मणि प्रकाश दुबे, हंसराज सिंह, गणेश प्रसाद तिवारी, महेंद्र सिंह परिहार, शाश्वत गर्ग, मनदीप मिश्रा, प्रेमशंकर त्रिवेदी, सुनील गुप्ता, आदित्य शर्मा, नागेन्द्र सिंह चौहान, सुधीर तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आरिफ के गोल से झांसी मंडल विजयी

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** झांसी मंडल ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को 1-0 से हराकर अंतर मंडलीय रेलवे फुटबाल प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में झांसी मंडल के लिए आरिफने पहले हाफके पांचवें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी थी, जो खेल के अंत तक बनी रही।

# वृद्धाश्रम में एक पेड़ मां के नाम चला अभियान



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** मवइया स्थित वृद्धाश्रम में गुरुवार को अटल वयो अभ्युदय योजना एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने माँ और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मातृभूमि और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और समर्पण का प्रतीक है। वक्ताओं ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने में सहायक होगी। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन के मूल आधार हैं, और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। कार्यक्रम में आश्रम संचालिका नीतू वर्मा, संस्था अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, कंचन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी से अपील की गई कि वे इस अभियान से जुड़कर अपनी माँ के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी स्वीकारने पर ही मिलेगा स्वच्छ जल

**➲ जल संरक्षण, स्वच्छता विषयक संगोष्ठी का हुआ आयोजन**



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** वाटरएड इंडिया की ओर से शहर के एक होटल भूमि में जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए वाटरएड के जिला समन्वयक आदित्य मिश्र ने संस्था द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाटरएड विगत कई वर्षों से जनपद में जल संसाधनों के संरक्षण, पुनर्भरण तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी राम शंकर वर्मा ने जल संरक्षण के साथ-साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ जल की उपलब्धता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब समुदाय स्वयं कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी स्वीकार करे।

संगोष्ठी में जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विश्वनाथ तिवारी, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति अवस्थी, प्रवीण पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन सत्र में नेहरू युवा संगठन टीसी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू ने जिले में जल संसाधनों के संरक्षण, जल जीवन मिशन की योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक निगरानी और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में विवेकानंद, दयाली प्रसाद, पंकज कुमार, कृष्ण कुमार, राजकुमारी, मनीषा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों और प्रयासों को साझा किया। अंत में प्रतिभागियों ने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## डीबीए चुनावः अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, 1919 मतदाता डालेंगे वोट

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव की प्रक्रिया के तहत गुरूवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री एडवोकेट ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करके नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया है। दस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए 1919 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवारो के पक्ष में वोट डालेगे। बताते चलें कि चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा पांच सहायक चुनाव अधिकारी भी नामित किए गये है जिनमें हरबंश सचान, राहुल त्रिवेदी, अविनाश सिंह गौतम, मो0 राशिद सिद्दीकी व सुनील सिंह पासवान शामिल है। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 30 व 31 मार्च की तिथि निर्धारित की गयी है। यह प्रक्रिया शाम चार बजे तक चलेगी तत्पश्चात नामांकन सूची का प्रकाशन 1 अप्रैल को किया जायेगा। 2 अप्रैल को आपत्तियां लेकर उसी दिन 2 बजे से 5 बजे तक निस्तारण किया जायेगा।

# सपाईयों ने सम्राट अशोक की मनाई जयंती

**चित्र पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व पर की चर्चा**



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि उन्हें सम्राट अशोक इसलिए कहा जाता है क्योंकि वो न केवल एक शक्तिशाली विजेता थे बल्कि एक असाधारण मानवतावादी शासक भी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। कार्यक्रम में हीरालाल साहू, वीरेंद्र यादव, सुघर लाल यादव, चेयरमैन राजकुमार मौर्या, डॉ अमित पाल, सुहैल खान हेमू, सुमित साहू, रत्नेश रत्ना, नरेंद्र लोधी, नंद किशोर पाल, चंदन पाल, शिवकरन सिंह, दीपेंद्र शर्मा, इब्राहिम खान, शमशुल हुदा, शिवशंकर यादव, गिरजाशंकर विश्वकर्मा, गोविंद कुमार, कृष्ण कुमार, अंकित पायलट, अजय चौधरी, शैलेन्द्र मिश्रा, कालिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा शहर




**ब्यूरो उमेश शुक्ला दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट उन्नाव।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारी टोला स्थित सिद्धनाथ मंदिर में दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और प्रदेश व जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं है, बल्कि यह मर्यादा, सत्य, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। पूजन-अर्चन के उपरांत सिद्धनाथ मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा एवं जुलूस निकाला गया। यह शोभायात्रा सिद्धनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा और स्टेशन रोड होते हुए खंडेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज और धार्मिक पताकाएं लेकर शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। जुलूस के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे और श्रद्धालुओं के लिए पानी, शरबत तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में शामिल झांकियों में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झलकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। धार्मिक धुनों और भक्ति संगीत ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे मार्ग पर नजर बनाए रखी। शोभायात्रा खंडेश्वर मंदिर पहुंचने के बाद आरती और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और सुख-शांति की कामना की। रामनवमी के इस भव्य आयोजन ने शहर में धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे का संदेश दिया। देर शाम तक शहर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन का क्रम जारी रहा और श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते रहे।

# विश्वविख्यात अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल में नवमी कन्या व भैरव पूजन के साथ चैत्र नवरात्र संपन्न



**सुभाष यादव वाराणसी।** नौ दिनों तक भगवती के हर रुपों की आराधना और पूजा-अर्चना तथा नवमी कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्र-2026 संपन्न हो गया। शहर में हर जगह नवमी कन्या पूजन के चलते भीड़-भाड़ और उत्साह का माहौल था। लेकिन नवमी कन्यापूजन का सर्वाधिक आकर्षण रविन्द्रपुरी स्थित विश्वविख्यात अघोरपीठ, बाबा कीनाराम स्थल क्रीं-कुण्ड, में दिखा। सुबह आश्रम की साफ-सफ़ाई और दैनिक आरती-पूजन के बाद यहाँ के पीठाधीश्वर परम पूज्य अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के दिशा निर्देशन में नवमी कन्या पूजन की शुरुवात हुई । सर्वप्रथम सभी 9 कन्याओं का श्रृंगार कर उन्हें देवी रुप में और एक बालक का श्रृंगार कर उन्हें भैरव बाबा के रुप में प्रतिष्ठित कर आसीन किया गया। नवरात्र पूजन के आचार्य (पुजारी) प्रकाश व आश्रम की वरिष्ठ सदस्या संगीता सिंह की अगुवाई में श्रद्धालुजनों द्वारा देवी स्वरुप में विराजमान सभी 9 बाल कन्याओं और भैरव रूप में बालक के पाँव पखारे गए । तत्पश्चात सभी देवी व् भैरव जी की विधि सम्मत पूजा कर उनकी आरती उतारी गयी । इसके बाद सभी देवियों व भैरव जी को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया और उन्हें तृप्त कराकर पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया गया । इस दौरान सहित उपस्थित सैकड़ों भक्तजनों द्वारा जय माँ सर्वेश्वरी और हर-हर महादेव का उदघोष लगातार होता रहा । बाद में, भंडारे के तहत, हज़ारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । ग़ौरतलब है कि अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड में नवरात्र का पर्व और नवमी कन्या पूजन को देखने के लिए देश और दुनिया के साधक-महात्माओं के अलावा आम श्रद्धालुजन भी बड़ी संख्या में यहां आते हैं।

# चैत्र नवरात्र की नवमी पर कन्याओं का पूजन व उनको भोज कराया गया




**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा चैत्र नवरात्र नवमी के पावन अवसर पर आज दिनाँक 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे शहर से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर पश्चिम दिशा में स्थित समिति के ग्रामीण कार्यालय ग्राम-धीरजपुर में विशाल कन्याओं के पूजन के उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया गया, आयोजन के अंतर्गत नन्हीं कन्याओं के मस्तक पर रोली का तिलक व पुष्प वर्षा कर उनका आरती पूजन किया गया, उसके उपरांत उनको प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी मिष्ठान आदि द्वारा श्रद्धा पूर्वक भोजन कराया गया तथा दक्षिणा, फल, उपहार, नमकीन आदि भेंट किए गए, कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा सामूहिक देवी माता के जयघोष के साथ आयोजन का समापन हुआ, कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी एल.एन. गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी समाजसेविका पुष्पा गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

कन्या भोज कार्यक्रम में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि समिति के ग्रामीण कार्यालय धीरजपुर में नवरात्रि में प्रति वर्ष दो बार विशाल कन्या भोज कार्यक्रम विधि विधान से आयोजित किया जाता है, कार्यक्रम के अंतर्गत महिला शाखा तुलसी की प्रभारी बबिता ने बताया कि नवरात्र के 9 दिनों देवी दुर्गा मां के नौ पावन स्वरूपों की साधना अत्यंत शुभकारी व फलदाई मानी जाती है, अष्टमी व नवमी के दिन देवी स्वरूप कन्याओं के विशेष पूजन व कन्या भोज का विशेष महत्व होता है, प्राचीन मान्यता हैं कि नवरात्रि में कन्याओं में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों का वास होता है, सच्चे मन से कन्या पूजन व कन्या भोज कराने से सर्व मनोकामना व विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) सखी ग्रुप की सदस्य अनीता पोरवाल, प्रखर गुप्ता, तारावती, फूलगंज सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष समाजसेवी हरगोविंद तिवारी, धर्म अग्रवाल (लोली), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के उप-प्रबंधक प्रदीप सिंह सेंगर, धर्मेंद्र कुमार, हिमांशु दुबे, सतीश कुमार, नैतिक, शिवानी, दिव्या, अवनी आदि श्रद्धालु, ग्रामीण बच्चे व महिलाएं मौजूद रहीं।

# कालिका धाम पीजी कॉलेज एवं सहजानंद पीजी कॉलेज की टीम फाइनल में प्रवेश



**क्राइम ब्यूरो मांतेश्वरी (सिंह) जिला वाराणसी से ख़ास खबरें।** वाराणसी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मेडिकल ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन तीसरे दिन सेमीफाइनल कालिका धाम वर्सेस विद्यापीठ से हुआ जिसमें कालिका धाम ने विद्यापीठ को हराया दूसरे सेमीफाइनल में सहजानंद पीजी कॉलेज ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में एलबीएस कॉलेज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया दोनों टीमों के बीच 1 अप्रैल 2026 को एमपी थियेटर ग्राउंड काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मैदान पर प्रात 8:00 बजे से शुरू होगा।

# अवध में जन्मे देखो प्रभु राम, जयकारों से गूंजा सीता कुंड धाम

## विश्व हिंदू महासंघ ने सीता कुंड धाम पर मनाया जन्मोत्सव हुआ भजन कीर्तन, आरती



**जिला ब्यूरो शिव शंकर चौधरी सुल्तानपुर।** प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व में सीता कुंड धाम पर भजन कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया,ठीक 12:00 बजे प्रभु श्री राम की आरती हुई और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की सुमधुर पंक्तियों व जयकारों से पूरे धाम को गूंजायमान कर दिया,उसके बाद सायंकाल नारी शक्ति द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ और बधाई गीत गाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष दिनकर सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुये कहा की राम केवल भगवान नहीं बल्कि भारत की चेतना,आत्मा और शाश्वत आदर्श हैं, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने कहा की वे मर्यादा,करुणा, तयाग और धर्म के साक्षात स्वरूप हैं। आयोजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, कार्यक्रम में मिथिलेश पाण्डेय,अन्नपूर्णा शर्मा,राधा मौर्या,पूर्व सभासद अंजू श्रीवास्तव,देवकी जायसवाल,सपना शर्मा,उर्मिला शुक्ला,विद्या सैनी,सुदामा जायसवाल,चंद्रिका मिश्रा,राकेश सिंह दद्दू,राजेश पाठक,राकेश मिश्रा,अजय प्रताप सिंह,दीपू आदि की उपस्थिति व सहयोग रहा।

# राजेंद्र चौधरी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, इलाके में मचा हड़कंप

## पिछले कई दिनों से तनाव में थे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी



**लखनऊ सुपरफास्ट सीतापुर।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ शहर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी ने अपनी ही लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और अपर पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया विनायक भोसले के अनुसार, लगभग एक घंटे पहले इस घटना की सूचना मिली थी। डॉ. राजेंद्र चौधरी खैराबाद स्थित पुरानी बाजार में एक नामचीन अस्पताल का संचालन करते थे।

शुरुआती जांच और उनकी पत्नी से हुई बातचीत के आधार पर यह पता चला कि डॉक्टर पिछले 15-20 दिनों से काफी शांत थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं कर रहे थे। आज सुबह उन्होंने सामान्य रूप से चाय-पानी किया और फिर ऊपरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चले गए। बताया जा रहा है कि वह अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर की सफाई करने के लिए ऊपर गए थे। काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आए, तो उनकी पत्नी ने ऊपर जाकर देखा। कमरे का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई; डॉ. चौधरी बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े थे और उन्होंने अपनी कनपटी पर गोली मार ली थी। मृतक डॉक्टर की उम्र लगभग 69 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे इलाके को सुरक्षित कर लिया और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया। साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जो भी नए तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# संग्रामपुर पुलिस का बड़ा एक्शन, हिस्ट्रीशीटर वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**अमेठी।** वांछित वारंटियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने सूरज सिंह (29) निवासी बनसोनपट्टी (भैरोपुर) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनोद तिवारी व कांस्टेबल अनिल यादव की रही अहम भूमिका।

# इंडियन आइडल विजेता वैभव गुप्ता का ननिहाल में भव्य स्वागत धुरंधर-2 के गीत को मिल रहा देश-विदेश में प्यार



**ब्यूरो उमेश शुक्ला दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट उन्नाव।** इंडियन आइडल के विजेता वैभव गुप्ता शुक्रवार को अपने ननिहाल सहजनी पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं और तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों और क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भी उनका सम्मान किया। सहजनी स्थित अपने मामा मदन मोहन गुप्ता के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में वैभव गुप्ता ने कहा कि फिल्म धुरंधर 2 में उनके द्वारा गाया गया गीत मन अटकेया देश-विदेश में काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें श्रोताओं और संगीत प्रेमियों से जो अपार स्नेह और समर्थन मिला है, उसी के लिए आभार व्यक्त करने वह अपने ननिहाल आए हैं। वैभव ने भावुक होकर कहा, उन्नाव मेरा घर है, यहां के लोग मेरे अपने हैं। बचपन की यादें आज भी मेरे दिल में बसी हुई हैं। यहां आकर हमेशा अपनापन महसूस होता है।

**बचपन से रहा गायकी का शौक**

वैभव गुप्ता ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गायकी का शौक था। वह जब लगभग पांच साल के थे, तब अक्सर अपने मामा के घर खेलने-कूदने आया करते थे। उस समय परिवार के लोग उनकी शरारतों से परेशान भी हो जाते थे, लेकिन आज वही बच्चा देश के बड़े मंचों पर अपनी आवाज का जादू बिखेर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडियन आइडल जीतने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है और वह लगातार मेहनत कर रहे हैं ताकि संगीत प्रेमियों की उम्मीदों पर खरे उतर सकें।

**मामा की आंखों में खुशी के आंसू**

मामा मदन मोहन गुप्ता अपने भांजे की सफलता से भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, वैभव हमारे घर की शान है। बचपन से ही उसकी आवाज में कुछ अलग था। आज उसे देश-दुनिया में पहचान मिलते देख बहुत गर्व महसूस होता है। ममेरे भाइयों अश्वनी गुप्ता और विशाल गुप्ता ने बताया कि बचपन में जिसे वे सब शरारती समझते थे, आज वही देश-दुनिया का सितारा बन गया है। उन्होंने कहा कि वैभव ने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रणवीर सिंह ने भी की तारीफ वैभव गुप्ता ने बताया कि फिल्म धुरंधर 2 के गीत लॉन्च कार्यक्रम के दौरान अभिनेता रणवीर सिंह ने उन्हें गले लगाकर बधाई दी थी। रणवीर सिंह को उनकी आवाज बेहद पसंद आई और उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**वैभव गुप्ता को मिलने के लिए कई लोग रहे मौजूद**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा, महामंत्री विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, अभिनेता अंकित, अनुराग कुशवाहा, अंशु गुप्ता, आकाश यादव, कुशांक गुप्ता तथा कॉमेडियन लक्ष्य निगम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सहजनी और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी वैभव गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और उनकी सफलता पर गर्व जताया।

# मदरसा 'दारुल उलूम आरफिया' में कानूनी जीत हाईकोर्ट ने प्रबंधक का पंजीकरण किया निरस्त

**बाराबंकी।** जनपद के जैदपुर स्थित मदरसा 'दारुल उलूम आरफिया' के प्रबंधकीय विवाद में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रबंधक के पंजीकरण आदेश को रद्द कर दिया है। इस फैसले के बाद रियाज अहमद अब मदरसे के प्रबंधक पद पर नहीं रहेंगे। यह विवाद प्रबंध समिति के पंजीकरण और प्रबंधक पद की दावेदारी को लेकर लंबे समय से चल रहा था। डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एंड चिट्स, अयोध्या ने 18 नवंबर 2025 को रियाज अहमद को प्रबंधक मानते हुए वर्ष 2025-26 की समिति सूची पंजीकृत की थी। मोहम्मद हारून ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के बाद, उच्च न्यायालय ने 16 मार्च 2026 को डिप्टी रजिस्ट्रार के पंजीकरण को शून्य और अवैध घोषित करने का आदेश पारित किया। इस निर्णय के साथ, रियाज अहमद का प्रबंधक के रूप में पद समाप्त हो गया है। इस फैसले के बाद, दूसरे पक्ष के मोहम्मद हारून ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने मदरसे में तत्काल श्एकल संचालन व्यवस्थाश् लागू करने की मांग की है। हारून ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में मदरसे में कोई वैध प्रबंधक नहीं है, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। मोहम्मद हारून ने मदरसा सेवा नियमावली 2016 की धारा 12(5) का हवाला देते हुए शिक्षकों और संस्थान के हित में जल्द से जल्द एकल संचालन व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने एसडीएम नवाबगंज को भी प्रार्थना पत्र देकर धारा 25(1) के तहत आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। हाई कोर्ट के आदेश की प्रति संलग्न करते हुए, उन्होंने संबंधित विभागों से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि मदरसे में प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।


# उन्नाव में पटरी दुकानदारों का प्रदर्शन: आजीविका बचाने की गुहार, बिना वैकल्पिक व्यवस्था हटाने का विरोध



**ब्यूरो उमेश शुक्ला दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट उन्नाव।** शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में पटरी दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई। दुकानदारों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी आजीविका बचाने की गुहार लगाई। उनका कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानें हटाने का आदेश दिए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों के अनुसार वे कई वर्षों से शहर के विभिन्न स्थानों पर नाले और सड़क किनारे पटरी पर छोटी-छोटी दुकानें लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इन दुकानों से होने वाली आय ही उनके परिवार के जीवन-यापन का मुख्य साधन है। यदि प्रशासन द्वारा अचानक दुकानें हटवा दी जाती हैं तो उनके पास परिवार चलाने के लिए कोई अन्य साधन नहीं बचेगा।

सुरेश, ललित, शहनाज और अनिल सहित कई दुकानदारों ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वे लंबे समय से फुटपाथ और सड़क किनारे दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई बार उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इस विषय में बातचीत भी की थी। उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जब तक उन्हें कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तब तक उनकी दुकानों को नहीं हटाया जाएगा। दुकानदारों का आरोप है कि अब अचानक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की बात कहकर उन पर दुकानें हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कुछ दुकानदारों ने यह भी बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर दुकान शुरू की है और यदि दुकान हट जाती है तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज से मांग की है कि उन्हें हटाने से पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मानवीय आधार पर मामले पर पुनर्विचार करने की अपील की है, ताकि उनकी आजीविका प्रभावित न हो। वहीं प्रशासन का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्राप्त प्रार्थना पत्र और शिकायतों की जांच की जाएगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जब तक साँस है तब तक आस है



जब तक साँस है तब तक आस है,
प्रेम है प्यार है संघर्ष और खटास है,
मेल है मिलाप है, दुआ और श्राप है,
बुराई भी भलाई भी और संताप है।

भाव हैं, कुभाव है, स्नेह, दुर्भाव हैं,
हार है, जीत है, मंज़िल है पड़ाव हैं,
मिलन है विरह है, घर व वनवास है,
निंदा है प्रशंसा है, मर्ज़ है, उपचार है।

द्वन्द्व प्रतिद्वन्द्व हैं, तिमिर है प्रकाश है,
अमृत है तो विष है, दिन है तो रात है,
आना भी है, तो जाना, निभाना भी है,
अपने पराये, उन्हें अपना बनाना भी है।

हँसता चेहरा, हँसकर किया काम है,
हँसना शान है, और काम पहचान है,
काम में हो गलती, उसका सुधार है,
ग़लतियाँ बुरी नहीं, बुरा अनदेखी है।

अपना कुछ नहीं, केवल प्रेम प्यार है,
आदित्य सब अस्थिर ही एक सोच है
देकर भूल जाना है, पाया तो याद है,
जीवन नश्वर पर मृत्यु निर्विवाद है।

डा0 कर्नल आदिशंकर मिश्र
'आदित्य', 'विद्यावाचस्पति' लखनऊ

# रामनवरात्रि पर सोहरामऊ थाने में 11 महिलाओं का सम्मान, मिशन शक्ति के तहत हुआ कार्यक्रम





**ब्यूरो उमेश शुक्ला दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट उन्नाव।** जनपद में चल रहे मिशन शक्ति अभियान और रामनवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को सोहरामऊ थाने में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सोहरामऊ ने की, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली 11 महिलाओं को अंगवस्त्र, माला और मां दुर्गा तथा मां सरस्वती का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम पंचायत और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शिक्षा जगत से शिक्षक वीरांगना, आशा बहू पुष्पलता, महिला रसोइया सरिता और रेशमा, ग्राम प्रधान फूलमती, पंचायत सहायक अन्नया प्रजापति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अपर्णा देवी तथा संघर्षशील वृद्ध महिला किसाना सहित अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला हेल्प डेस्क थाना सोहरामऊ की महिला आरक्षी सीता यादव और तरुण रानी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित महिलाओं को दी गई। सभी महिलाओं को शासन की योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित कर उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एक खास क्षण तब आया जब कंप्यूटर ऑपरेटर किरन वर्मा और आरक्षी सतपाल द्वारा सीईआईआर पोर्टल की मदद से वादिनी प्रिया सिंह का काफी समय पहले खोया हुआ मोबाइल फोन खोजकर उन्हें सौंपा गया। मोबाइल मिलने पर प्रिया सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए पूरे थाना स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थाना सोहरामऊ के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र प्रताप, मिशन शक्ति केंद्र के उपनिरीक्षक श्याम शंकर मिश्रा, परिवार परामर्श केंद्र समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव, गांव के प्रधान और कई संभ्रांत नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते।

# दुर्गा पूजन महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न





**जहांगीराबाद (बुलन्दशहर)।** नगर में दुर्गा पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के देवी मंदिरो में हजारों की संख्या में महिला पुरुषो ने पूजा अर्चना की।

नगर के प्राचीन मन्दिर मां विननेर देवी में, भागीरथी अवंतिका देवी पर चार बजे से जय माता की बोलते हुए भक्तों के समूह पहुंचने शुरू हो जाते हैं। मन्दिर परिसर में कन्या लांगुरो की पत्तियां लगी हुई थी। भक्तगण उन्हें श्रद्धा के साथ भोजन खिला रहे थे चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें रहे थे हलुआ पूरी का प्रसाद ग्रहण कर रहे थे श्री नन्नागिरि मन्दिर में दुर्गा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित भगवान शर्मा ने पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। यजमान राकेश बर्तन वाले रहे रहे । ज्ञान वार्ष्णेय, अंकुर गुप्ता, प्रकाश चन्द्र, नवीन कुमार, डॉ वशिष्ठ, मुकेश गुप्ता बिंटू वार्ष्णेय पारुआ गगन वार्ष्णेय आदि सैकड़ों भक्तों ने आहुति दी।यज्ञ सम्पन्न होने के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया।महानवमी के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां अवंतिका देवी के दर्शन किए। पौराणिक आख्यानों के अनुसार अवंतिका देवी का यह वही मन्दिर है जहां से योगीराज श्री कृष्णा ने रुकमणी का हरण किया था गंगा के किनारे बसा आहार कस्बा महाभारत काल में कुन्दनपुर कहलाता था बाद में राजा जनमेजय दुआरा यहां यज्ञ करने के कारण इसका नाम आहार पड़ा। नगर से लगभग 12 किमी पर स्थित मऔहरसआ गांव है कहा जाता है कि इस स्थान पर श्री कृष्णा ने मौहर बांधा था इसलिए इसका नाम मौहरसा पड़ा।

# दादरी रैली में जहांगीराबाद और अनूप शहर से उमड़ेगा जन सैलाब



**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** सपा के कद्दावर नेता चौधरी होशियार सिंह पूर्व विधायक ने अपनी आवास पर प्रेस वार्ता में कहा कि 29 मार्च को दादरी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की प्रस्तावित विशाल रैली में अनूप शहर विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में सभी धर्मों के व्यक्ति और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए पूर्व विधायक होशियार सिंह गांव गांव व नगर नगर जाकर सपा की रैली को सफल बनाने में लगे हुए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता चौधरी होशियार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि सभी क्षेत्र की जनता और सभी कार्यकर्ता बसो और अपने निजी वाहनों से दादरी रैली के लिए रवाना होंगे। सपा की रैली को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और इसे आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अहम माना जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान रघुराज प्रताप सिंह, अंकुर गुप्ता, हसीन सैफी नगर अध्यक्ष, राजपाल लोधी, आबिद मलिक, जयप्रकाश शर्मा, विकास सिंह उर्फ लाला, शिव चौधरी व अनु गोयल और दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी कार्यकर्ताओं ने रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# अचलगंज पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट अचलगंज पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**ब्यूरो उमेश शुक्ला उन्नाव।** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अचलगंज थाना पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना अचलगंज, अपराध निरीक्षक (प्रभारी मिशन शक्ति टीम अचलगंज) तथा मिशन शक्ति टीम के अन्य पुलिसकर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया। पुलिस टीम ने उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं



और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा तथा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या परेशानी में इन नंबरों का तुरंत उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों को भी आवश्यक हिदायत दी और आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जाता रहेगा।

# नव निर्माण स्टेडियम की दीवार गिरी



**संदीप उपाध्याय दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट जिला ब्यूरो चीफ बिजनौर।** घटिया सामग्री की खुली पोल एक करोड़ से अधिक की लागत से स्टेडियम बन रहा मंडावली मंडावली क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर के समीप एक करोड़ से अधिक की लागत से करीब 28 बीघा जमीन पर नवनिर्माण स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण होने के कगार पर है लेकिन घटिया सामग्री के चलते पहली ही बारिश में स्टेडियम की करीब 40 फीट लंबी दीवार गिर गई अन्य दीवार में भी दरार आ रही है हालांकि एक बड़ा हादसा होने से टल गया दीवार के समीप भागने के लिए रैंप बन रहा है यदि भागते समय दीवार गिर जाती तो एक बड़ा हादसा होने का अंदेशा होता नजीबाबाद के तहसील डबाकर हाल में स्टेडियम का नामकरण के लिए पाच दिन पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई थी जिसमें सर्व सहमति से भगत सिंह नाम रखने का प्रस्ताव पारित हुआ था करोड़ों की लागत से बनने वाला स्टेडियम का उद्घाटन होने से पहले ही दीवार धारा सही हो गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टेडियम में खटिया सामग्री लगाई गई है जो बनते बनते ही दीवार गिर गई है।

# दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत महिला सहित तीन लोग जख्मी



**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** नेशनल हाईवे पर हीरपुर मोड़ के निकट दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें महिला सहित तीन लोग जख्मी हो गए। बताते चलें कि अनिल पुत्र रामखेलावन निवासी रानीपुर जो अपनी बाइक से शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे अपनी बाइक से हाईवे पर जा रहा था तभी सामने से एक बाइक सवार जतिन पुत्र नायन कुमार निवासी लखनऊ की बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई बाइक पर सवार एक महिला सहित तीन लोग जख्मी हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिंद अस्पताल में भर्ती कराया बाइक कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# आस्था और श्रद्धा के दिव्य संगम से भक्तो मे खुशी की लहर

## समाजसेवी मनीष गुप्ता के सहयोग से प्राचीन शिव मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न



**अरुण उपाध्याय लखनऊ सुपरफास्ट पालघर महाराष्ट्र।** मुंबई के निकटवर्ती पालघर क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का एक दिव्य एवं प्रेरणादायक संगम देखने को मिला। क्षेत्र के प्रतिष्ठित रीयल एस्टेट व्यवसायी एवं समाजसेवी मनीष मदन गुप्ता के विशेष सहयोग, मार्गदर्शन और समर्पण से एक प्राचीन शिव मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा के संचार की उम्मीद जगी है। यह पावन कार्य केवल मंदिर के पुनर्निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था के पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है। मंदिर परिसर में स्थापित शिलालेख पर 27 मार्च 2026 की तिथि अंकित की गई है, जो इस ऐतिहासिक और पुण्यदायी क्षण को सदा के लिए स्मरणीय बनाती है। मंदिर के नव-निर्माण से स्थानीय श्रद्धालुओं में अपार हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह पवित्र धाम केवल पूजा-अर्चना का केंद्र ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कार, धर्म और संस्कृति की अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा। यह स्थल समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला सशक्त आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक रीति से हवन, पूजन एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वेद मंत्रों की पावन ध्वनि, शंखनाद और हवन की दिव्य अग्नि से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। नवरात्रि के पावन पर्व पर मनीष मदन गुप्ता ने अपने परिवार सहित माता रानी एवं भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन सम्पन्न कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सर्वांगीण कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से सहभाग लिया। यह भव्य धार्मिक आयोजन न केवल आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और आध्यात्मिक जागृति का संदेश भी देकर गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन चालक फरार




**ब्यूरो उमेश शुक्ला दैनिक लखनऊ सुपरफ़ास्ट उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसा रऊ गांव के पास उस समय हुआ जब युवक बाइक से बाजार जा रहा था। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बाबू खेड़ा निवासी कमलेश (35) पुत्र राम स्वरूप शुक्रवार को घर के लिए जरूरी सामान लेने बाइक से बाजार जा रहे थे। रास्ते में रऊ गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कमलेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार कमलेश दिल्ली में नौकरी करते थे और करीब पांच दिन पहले ही अपने घर बाबू खेड़ा आए थे। परिवार के साथ समय बिताने के दौरान ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही।

# रामनवमी पर गोविंद नगर में देवी मंदिर पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** चैत्र नवरात्रि के पावन समापन दिवस राम नवमी के अवसर पर जनपद औरैया के मोहल्ला गोविंद नगर में श्रद्धा और आस्था का भव्य नजारा देखने को मिला। यहां गिरजाशंकर उपाध्याय एवं चौबे जी के मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ माता रानी को भोग अर्पित कर की गई। इसके उपरांत कन्या पूजन एवं कन्या भोज कराया गया, जिसे हिंदू परंपरा में विशेष महत्व दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही भंडारे का शुभारंभ किया गया भंडारे में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपना नवरात्रि व्रत इसी प्रसाद को ग्रहण कर विधिवत रूप से पूर्ण किया पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की गई थीं, जिससे किसी को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। क्षेत्र के लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन में भक्तिमय माहौल बना रहा, जिससे गोविंद नगर क्षेत्र पूरी तरह से धार्मिक रंग में रंगा नजर आया।

# रामनवमी पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम, विशाल भंडारे का आयोजन



**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रामनवमी के दिन जनपद में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में केनरा बैंक (औरैया) के सामने एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा अंकित शुक्ला (जिलाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन), रवि पांडे, गौरव श्रीवास्तव (पत्रकार), सुशील तिवारी , दीपक शुक्ला, राजेश अग्निहोत्री, नितुल मिश्रा, अनुराग मिश्रा, कमल किशोर शुक्ला, विपिन दीक्षित, नीशू दुबे, राम जी , अंशुल, श्यामू अवस्थी, राहुल दुबे (पत्रकार), विशाल, आशुतोष अवस्थी उर्फ लकी (पत्रकार ), सलिल द्विवेदी (पत्रकार) सहित अन्य सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ कन्याओं को भोजन कराकर एवं उन्हें दक्षिणा भेंट कर की गई, जिसे भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व दिया जाता है। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा, जहां देवी भक्तों द्वारा ÷जय माता दी÷ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, सेवा भाव और धार्मिक आस्था को मजबूत करना है। पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की विशेष टीम तैनात रही, जिन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और आयोजन की सराहना की। रामनवमी के इस पावन पर्व पर आयोजित भंडारे ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को प्रगाढ़ किया, बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश दिया।

# अपहृत किशोरी बरामद, सहजनवा से आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ सुपरफास्ट ब्यूरो राकेश चौधरी बस्ती।** जनपद की मुंडेरवा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण की शिकार एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में वांछित मुख्य आरोपी को गोरखपुर के सहजनवा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। शुक्रवार सुबह डायल-112 से मिली सटीक सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सहजनवा। गोरखपुर से आरोपी साहिल पुत्र निसार अहमद को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और पाक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक मुरलीधर मिश्रा और अन्य आरक्षी शामिल रहे। आरोपी को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# राम नवमी, नवरात्र के समापन पर भव्य शोभा यात्राओं के साथ कानपुर में रही कन्या भोज की धूम



**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां चैत्र नवरात्र के आज अखिरी दिन राम नवमी पर भगवान के साथ ही मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिरों व घरों में हवन के बाद कन्याओं का पूजन कर उनका भोज भी किया गया। हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय भी रहा। शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती जगदंबा व काली जी की आराधना-साधना के पर्व नवरात्रि में आज प्रातः से ही देवी दरबारों में श्रद्धा की फुहार बरसी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल व चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया व घर-परिवार एवं देश समृद्धि की दुआ मांगी। नवरात्र के दिनों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में विजय लक्ष्मी ,नेहा, अनुराग, शालू ,सुबोध, राघव, माधव बाजपेई, मनीश मिश्रा, मोना किट्टू और कीनू, रूची राज मिश्रा, मीठी, नंदन, कृष्णा आदि ने देवी मां का दर्शन कर मंदिरों व घरों में परांपरागत कन्या-पूजन कर हलवा, पूड़ी, चना, दही-जलेबी आदि का भोग लगाया। साथ ही कन्याओं को लाल चुनरी व उपहार भी भेंट किया। इस दौरान मंदिरों में %जय श्री राम व जय माता दी के उद्घोष के बीच घंटाघड़ियाल भी खूब बजे। वहीं, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से चखा। वहीं हर साल की तरह इस साल भी रामनवमी के भव्य शोभा यात्राओं का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रामलला रावतपुर मंदिर से निकलने वाली सबसे बड़ी रामनवमी शोभा यात्रा के साथ ही अन्य सभी आयोजनों के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तगड़ी तैयारी कर रखी थी जिसके तहत ही रामनवमी पर रावतपुर क्षेत्र से निकलने वाली विशाल शोभायात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भीलगाया गया था । अवगत कराते चलें कि रावतपुर क्षेत्र सांप्रदायिक दृष्टिकोण से भी बहुत संवेदनशील है और पूर्व में कई बार हिंसक घटनाएं भी हो चुकी हैं। यही वजह है कियहां सुरक्षाके कड़े इंतजाम रखना में कोई भी कसर बाकी नहीं रखी गई।

दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
सबसे तेज, सबसे पहले



## भारतीय तीरंदाजों का दमदार प्रदर्शन

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरूष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229 . 226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरूष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233 . 234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234 . 232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरूष टीम मलेशिया को 5 . 1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाये बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5 . 1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## ओपनिंग सेरेमनी का नहीं होगा आयोजन

आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट का पहला मैच गत चौंपियन टीम आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। हर बार आईपीएल सीजन की शुरुआत से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होता है लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं होगा। आईपीएल के 19वें सीजन के लिए बीसीसीआई ने ये फैसला लिया है। टाइम्स ऑफइंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सीजन आरसीबी के पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद बेंगलुरु में 4 जून 2025 को हुई भगदड़ में 11 जाने चली गई थी। जिसे लेकर अब बीसीसीआई ने उस घटना में 11 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी को रद्द करने का फैसला किया है। हालांकि, बीसीसीआई के पास प्लान बी भी तैयार है। ओपनिंग सेरेमनी की जगह इस बार भव्य क्लोजिंग सेरेमनी होगी। 28 मार्च को ओपनिंग सेरेमनी नहीं, लेकिन बीसीसीआई 31 मई को एक भव्य समापन समारोह आयोजित करने की योजना बना रही है। इस दौरान बीसीसीआई ने कहा कि, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण, आईपीएल 2026 के ओपनिंग डे पर कोई औपचारिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। बीसीसीआई 4 जू 2025 को हुई उस त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत में कोई सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है। हालांकि, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल क्लोजिंग सेरेमनी यानी फाइनल के दिन एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

## कप्तान पैट कमिंस ने अपनी वापसी पर दिया बड़ा अपडेट

आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले कई टीमें अपनी इंजर्ड खिलाड़ियों से जूझ रही है। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद का भी नाम शामिल है जो पहले से ही कप्तान पैट कमिंस की इंजरी और रिकवरी को लेकर असमंजस में है। जिसके चलते इशान किशन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हालांकि, खुद अब पैट कमिंस ने अपनी वापसी को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। पैट कमिंस ने बताया कि उनकी फिटनेस में तेजी से सुधार हो रहा है। वह नेट्स में गेंदबाजी करने लग गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह दूसरे चरण तक सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में एंट्री ले लेंगे और फाइनल खेलेंगे। दरअसल, बिजनेस ऑफस्पोर्ट पॉडकास्ट पर बात करते हुए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पुष्टि की है कि उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। हालांकि, कमिंस ने आईपीएल 2026 के पहले फेज को मिस करना लगभग तय है, लेकिन उन्हें पूरी उम्मीद है कि वो दूसरे फेज के शुरू होने से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। पैट कमिंस ने पॉडकास्ट में बताया कि वो हर तीसरे दिन नेट्स में गेंदबाजी कर रहे हैं। हमने एक प्लान तैयार किया है ताकि मैं टूर्नामेंट के बीच तक पूरी तरह से फिट हो सकूं।

# कौन हैं अनन्या बिड़ला?: 1770 करोड़ नेटवर्थ

### ग्लैमर-खूबसूरती के साथ बिजनेस में भी धुरंधर, आरसीबी डील से चर्चा में




**बंगलूरू।** आरसीबी की 16,600 करोड़ रुपये डील के बाद अनन्या बिड़ला चर्चा में हैं। वह कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी और सफल उद्यमी, सिंगर और मेंटल हेल्थ एडवोकेट हैं। 17 साल की उम्र में बिजनेस शुरू करने से लेकर ग्लोबल म्यूजिक और समाजसेवा तक, उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। आईपीएल 2026 से पहले रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु फ्रेंचाइजी 16000 करोड़ रुपये में बिक गई है। इस डील के बाद अनन्या बिड़ला अचानक चर्चा में आ गई हैं। वह देश के दिग्गज उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी और आरसीबी के नए चेयरमैन आर्यमान बिड़ला की बहन हैं। हालांकि, 31 साल अनन्या सिर्फ एक बिजनेस फैमिली की सदस्य नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाने वाली युवा उद्यमी और गायिका हैं। क्यों चर्चा में आई अनन्या बिड़ला? अनन्या का नाम तब चर्चा में आया जब वह सोमवार को गुजरात टाइटंस के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रेजेंटिंग पार्टनर के तौर पर पहुंचीं। बिड़ला स्टेट्स का नाम गुजरात की जर्सी पर फ्रंट में लिखा होगा। इस कार्यक्रम में वह शुभमन गिल के साथ सोफे पर बैठी नजर आई थीं। इसके बाद लोगों ने मीम बनाना शुरू किया और अनन्या को गुजरात की मालकिन बताने लगे। हालांकि, अनन्या ने उस मीम को शेयर कर और फिर जवाब देकर मामला साफ किया। इसके बाद मंगलवार को आरसीबी को यूएसएल से आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 1.78 बिलियन यूएस डॉलर (भारतीय रुपये में करीब 16000 करोड़) में खरीदा। यानी आरसीबी का स्वामित्व अब आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन की परपेचुअल प्राइवेट इक्विटी स्ट्रैटेजी शामिल है, के पास चला गया है। ऐसा होते ही पहले तो आर्यमान और फिर अनन्या चर्चा में आई। अनन्या ने आर्यमान को आरसीबी चेयरमैन बनने पर बधाई दी और फैंस का आभार जताया। अब जानते हैं कि अनन्या बिड़ला कौन हैं और उनके पास कितनी संपत्ति है... पढ़ाई और शुरुआती जीवन 1994 में मुंबई में जन्मीं अनन्या बिड़ला ने अपनी शुरुआती पढ़ाई अमेरिकन स्कूल ऑफ बॉम्बे से की। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड से इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट में डिग्री हासिल की। कम उम्र से ही उनमें बिजनेस और क्रिएटिव फील्ड्स में रुचि दिखने लगी थी, जिसने उनके करियर की मजबूत नींव रखी। अनन्या की मां नीरजा बिड़ला ने भी हमेशा उनका साथ दिया। अनन्या अपनी बहन अद्वैतेशा से भी खूब प्यार करती हैं। 17 साल की उम्र में शुरू किया बिजनेस अनन्या ने महज 17 साल की उम्र में स्वतंत्र माइक्रोफिन की शुरुआत की। इस कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को छोटे लोन देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। आज यह कंपनी देश की प्रमुख माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं में गिनी जाती है। इसके अलावा उन्होंने इकाई असाई जैसे प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किए हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में भी बनाया नाम बिजनेस के साथ-साथ अनन्या ने इंटरनेशनल म्यूजिक इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बनाई। वह पहली भारतीय कलाकार बनीं जिनका अंग्रेजी गाना प्लेटिनम सर्टिफाइड हुआ। उनके गानों को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली, हालांकि बाद में उन्होंने म्यूजिक से थोड़ा दूरी बनाकर बिजनेस और निवेश पर फोकस किया।

# ..तो मैं अपनी दाढ़ी काट दूंगा

### अर्जुन तेंदुलकर को लेकर अश्विन के किस बयान पर भड़के योगराज?



**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को लेकर प्च्स् 2026 से पहले विवाद छिड़ गया है। अश्विन ने उनके खेलने पर सवाल उठाए, जिस पर योगराज सिंह भड़क गए और कड़ी प्रतिक्रिया दी। योगराज का मानना है कि अर्जुन को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा और उनमें बड़ा खिलाड़ी बनने की क्षमता है। आईपीएल 2026 से पहले अर्जुन तेंदुलकर को लेकर बड़ी बहस छिड़ गई है। लखनऊ सुपर जाएंट्स में शामिल होने के बाद उनके खेलने की संभावनाओं पर सवाल उठे, जिस पर अब युवराज सिंह के पिता और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। अश्विन ने जताया संदेह भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा कि अर्जुन तेंदुलकर को लखनऊ सुपर जाएंट्स की प्लेइंग इलेवन में जगह मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि टीम में पहले से ही मयंक यादव, मोहसिन खान, आवेश खान और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज मौजूद हैं, ऐसे में अर्जुन के लिए मौका बनाना कठिन होगा। अश्विन ने कहा, श्जब तक ज्यादा से ज्यादा गेंदबाज चोटिल नहीं होते, अर्जुन खेलते हुए नहीं दिख रहे हैं।श् योगराज सिंह का पलटवार अश्विन के इस बयान पर पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह भड़क गए। योगराज ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए अश्विन पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा, श्यह बेकार की बातें कर रहे हैं। यह अश्विन कौन होते हैं? किसी के बारे में क्या बोलना चाहिए, यह उन्हें समझना चाहिए। टीवी पर बैठकर कोई यह कहे कि वह यह नहीं कर सकता, वह नहीं कर सकता...अरे तुम होते कौन हो बोलने वाले?श् अर्जुन की भूमिका पर अलग नजरिया योगराज सिंह, जो पहले अर्जुन को ट्रेनिंग दे चुके हैं, मानते हैं कि उन्हें गलत तरीके से एक गेंदबाज के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्जुन की बल्लेबाजी क्षमता काफी मजबूत है और अगर सही मार्गदर्शन मिले तो वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर बन सकते हैं। योगराज ने कहा, श्जब क्रिकेटर इस तरह की बातें करते हैं तो यह सही नहीं है। वह सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं, यह अलग बात है। जब वह मेरे पास थे, मैंने युवराज से कहा था कि आप लोग अर्जुन को लेकर गलत चीजों पर ध्यान दे रहे हैं। वह सिर्फ गेंदबाज नहीं है। उसे स्पाइन की समस्या रही है और उसका एक्शन भी अलग है। जब वह यहां था, मैं उससे बात करता था और उसके कोच से भी कहा था कि आप लोग क्या कर रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करता था, तो वह शानदार शॉट्स लगाता था। अगर आप उसे सही तरीके से तैयार नहीं कर सकते, तो उसे मेरे पास भेज दें।श् अर्जुन का प्च्स् रिकॉर्ड और नई शुरुआत योगराज ने यहां तक दावा किया, श्अगर अर्जुन मेरे साथ छह महीने ट्रेनिंग करे, तो वह दुनिया के बड़े बल्लेबाजों से आगे निकल सकता है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं अपनी दाढ़ी काट दूंगा। मैं इसी तरीके से काम करता हूं।श् सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई इंडियंस के साथ तीन सीजन बिताए। आईपीएल 2023 में उन्होंने चार मैचों में तीन विकेट लिए

## म्हात्रे नहीं, संजू के साथ यह खिलाड़ी करेगा ओपनिंग, कप्तान ऋतुराज का बड़ा खुलासा, तीसरे नंबर पर कौन?

**नई दिल्ली।** सीएसके ने प्च्स् 2026 के लिए बल्लेबाजी क्रम में बड़ा बदलाव किया है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन ओपनिंग करेंगे, जबकि नंबर तीन पर उर्विल पटेल या फिर सरफराज खान में से किसी एक को भेजा जा सकता है। टीम 2025 की खराब प्रदर्शन के बाद नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने खुद इस बात का खुलासा किया कि इस सीजन ओपनिंग कॉम्बिनेशन पूरी तरह नया होगा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने साफ किया कि युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे इस बार ओपनिंग नहीं करेंगे। उनकी जगह टीम इंडिया के स्टार और टी20 विश्वकप 2026 के हीरो संजू सैमसन उनके साथ पारी की शुरुआत करेंगे। यानी इस सीजन ऋतुराज के साथ संजू सैमसन ओपनिंग करेंगे। यह चेन्नई के लिए बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले सीजन टीम ने आयुष म्हात्रे पर भरोसा जताया था। नंबर-तीन पर कौन? ओपनिंग से हटने के बाद अब आयुष म्हात्रे को इस सीजन बेंच पर बैठना पड़ सकता है या फिर सीएसके उन्हें नंबर तीन पर उतार सकता है। हालांकि, नंबर तीन पर म्हात्रे के खेलने की संभावना बेहद कम है। टीम मैनेजमेंट इस पोजिशन पर एक विस्फोटक बल्लेबाज का इस्तेमाल कर संतुलन बनाना चाहती है। ऐसे में सरफराज खान या फिर उर्विल पटेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। वहीं, शिवम दुबे (नंबर चार पर) और दक्षिण अफ्रीका के युवा स्टार डेवाल्ड ब्रेविस मिडिल ऑर्डर (नंबर पांच पर) में अपनी जगह बनाए रखेंगे। छठे नंबर पर 14.2 करोड़ के प्रशांत वीर हो सकते हैं। वहीं, 14.2 करोड़ के ही नए स्टार कार्तिक शर्मा बल्लेबाजी में इम्पैक्ट प्लेयर बन सकते हैं। धोनी को सातवें या फिर आठवें पर स्थिति के हिसाब से भेजा जा सकता है। ऐसे में चेन्नई की बैटिंग ऑर्डर विस्फोटक दिख रही है। गेंदबाजी में नूर अहमद, मैट हेनरी, अंशुल कंबोज और खलील अहमद खेल सकते हैं। 2025 सीजन की नाकामी के बाद बदलाव सीएसके के लिए 2025 सीजन बेहद खराब रहा था

# अर्थ जगत

## खुदरा महंगाई काबू में रखने के प्रयासय सरकार ने तय किया पांच साल का लक्ष्य, आम आदमी को कितनी राहत?

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2026 से 2031 तक खुदरा महंगाई का लक्ष्य 4ः पर ही बरकरार रखा है, जिसमें 2ः से 6ः का दायरा तय किया गया है। यह फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति को स्थिर दिशा देने के लिए लिया गया है। आइए विस्तार से जानते हैं। केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के लिए खुदरा महंगाई (रिटेल इन्फ्लेशन) का लक्ष्य चार प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। यह लक्ष्य 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगा। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने 25 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना में इसकी जानकारी दी। अधिसूचना के अनुसार, महंगाई के लिए 4 प्रतिशत का लक्ष्य तय किया गया है, जबकि इसकी ऊपरी सहनशील सीमा 6 प्रतिशत और निचली सीमा 2 प्रतिशत रखी गई है। यह निर्णय भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45। के तहत, रिजर्व बैंक के परामर्श से लिया गया है। एमपीसी के फैसले पर पड़ेगा असर सरकार के इस फैसले के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) का मौजूदा जनादेश भी बरकरार रहेगा। मौद्रिक नीति समिति (डच्ब) अब भी इसी लक्ष्य के अनुरूप नीतिगत ब्याज दरों का निर्धारण करेगी, ताकि महंगाई को निर्धारित दायरे में रखा जा सके। गौरतलब है कि भारत ने 2016 में औपचारिक रूप से महंगाई लक्ष्य निर्धारण (इन्फ्लेशन टार्गेटिंग) का ढांचा अपनाया था। उसी समय एमपीसी का गठन हुआ था, जिसे मूल्य स्थिरता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। शुरुआती अवधि मार्च 2021 तक थी, जिसके बाद सरकार ने इस लक्ष्य को लगातार जारी रखा है। यह दूसरा अवसर है जब सरकार ने बिना बदलाव के चार प्रतिशत लक्ष्य को आगे बढ़ाया है। मौजूदा महंगाई की स्थिति फरवरी 2026 में ब्च्प् आधारित महंगाईरू 3.21ः ग्रामीण महंगाईरू 3.37ः शहरी महंगाईरू 3.02ः खाद्य महंगाई (ब्थ्च्प्)रू 3.47ः यानी महंगाई फिलहाल लक्ष्य (4ः) से नीचे है। इस दौरान टमाटर, मटर और फूलगोभी जैसी सब्जियों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे खाद्य महंगाई पर दबाव कम हुआ। किन राज्यों में महंगाई ज्यादा? फरवरी 2026 में सबसे ज्यादा महंगाई वाले राज्यरू तेलंगाना राजस्थान केरल आंध्र प्रदेश पश्चिम बंगाल कैसे जुटाया जाते हैं आंकड़े? सरकार के अनुसार, महंगाई के आंकड़े देशभर के 1407 शहरी बाजारों और 1465 गांवों से एकत्र किए जाते हैं।

## भारत का गोल्ड सेक्टर बदल रहा रूप, खपत से निवेश की ओर बढ़ता रुझान, जानें कारोबार जगत का अपडेट

**नई दिल्ली।** भारत का स्वर्ण (गोल्ड) क्षेत्र इस समय बड़े संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जहां मांग का स्वरूप खपत आधारित से निवेश आधारित होता जा रहा है। आईसीआरए और एसोचैम की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, देश में घरेलू खनन उत्पादन बेहद कम होने के कारण भारत अब भी सोने के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। रिपोर्ट में इस निर्भरता को कम करने के लिए संगठित रिफाइनिंग और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया गया है। साथ ही, गोल्ड डोरे (कच्चा सोना) पर कम आयात शुल्क बनाए रखने और ठप्ै मानकों वाले बार्स को व्यापक स्वीकार्यता देने की सिफारिश की गई है, ताकि घरेलू रिफाइनर वित्तीय बाजारों से बेहतर जुड़ सकें। इसके अलावा, गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम (ळडै) को फिर से प्रभावी बनाने की जरूरत बताई गई है, क्योंकि शुरुआत से ही इसमें सीमित भागीदारी देखने को मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, भावनात्मक जुड़ाव और पारंपरिक सोच के कारण लोग अपने आभूषण इस योजना में शामिल करने से हिचकते हैं। रिपोर्ट ने सुझाव दिया है कि योजना को सरल बनाया जाए, इसके लाभों के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए और संगठित ज्वैलर्स को इस प्रक्रिया में शामिल कर लोगों का भरोसा बढ़ाया जाए, ताकि देश में मौजूद निष्क्रिय सोने को आर्थिक रूप से उपयोग में लाया जा सके। तेलंगाना में निवेश की बड़ी छलांग, दावोस से 2.19 लाख करोड़ के 44 समझौते तेलंगाना सरकार ने वैश्विक निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य के उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की 2024 और 2025 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (दावोस) यात्राओं के दौरान कुल 44 समझौता ज्ञापनों (डवन्) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनकी कुल निवेश राशि 2.19 लाख करोड़ रुपये है। मंत्री ने कहा कि ये सभी निवेश प्रस्ताव फिलहाल विभिन्न चरणों में लागू हो रहे हैं और इनसे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के माध्यम से करीब 68,150 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने भूमि आवंटन के जरिए अब तक 1,540 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। सरकार का फोकस निवेश को जमीन पर उतारने और रोजगार सृजन को गति देने पर है, ताकि तेलंगाना को प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूत किया जा सके। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ऑफिस स्पेस की मांग मजबूत, लीजिंग में 15ः उछाल वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश के प्रमुख शहरों में ऑफिस स्पेस की मांग मजबूत बनी हुई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट कोलियर्स के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सात बड़े शहरों में कुल ऑफिस स्पेस लीजिंग 15 प्रतिशत बढ़कर 18.3 मिलियन वर्ग फुट हो गई। यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के 15.9 मिलियन वर्ग फुट से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह वृद्धि बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख बाजारों में देखने को मिली। कोलियर्स ने कहा कि विभिन्न सेक्टरों से बढ़ती मांग और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (ळब्ब्) के विस्तार ने इस तेजी को सहारा दिया है, जबकि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। देश के सबसे बड़े ऑफिस मार्केट बेंगलुरु में लीजिंग गतिविधि में खासा उछाल देखने को मिला।

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच एशियाई शेयर बाजारों में दिखी गिरावट, निवेशकों ने अपनाया सतर्क रुख

**नई दिल्ली।** ईरान से जुड़े तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के चलते गुरुवार को ज्यादातर एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट रही, जबकि निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। आइए विस्तार से जानते हैं। एशियाई शेयर बाजारों में गुरुवार को ज्यादातर गिरावट दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त देखने को मिली। निवेशकों के बीच सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि ईरान से जुड़े युद्ध में तनाव कम होने को लेकर अभी भी स्पष्टता नहीं है। टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक 0.3 प्रतिशत गिरकर 53,607.75 पर कारोबार कर रहा था। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.9 प्रतिशत गिरकर 5,537.30 पर आ गया। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 1.4 प्रतिशत गिरकर 24,978.71 पर आ गया। शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.6 प्रतिशत गिरकर 3,909.16 पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपीध्एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.2 प्रतिशत नीचे गिर गया। ताइवान का ताइएक्स इंडेक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर कारोबार कर रहा था। क्या रहा अमेरिकी बाजार का हाल? बुधवार को वॉल स्ट्रीट के शेयर बाजार में तेजी के साथ कारोबार समाप्त हुआ। एसएंडपी 500 में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 6,591.90 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 46,429.49 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 21,929.83 पर बंद हुआ। अमेरिकी वायदा बाजार में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। तेल की कीमतों में आया 1.3ः का उछाल गुरुवार को तेल की कीमतों में शुरुआती गिरावट के बाद फिर से उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.3 प्रतिशत बढ़कर 98.51 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बुधवार को यह 95 अमेरिकी डॉलर से नीचे था। अमेरिकी मानक क्रूड 1.6 प्रतिशत बढ़कर 91.75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखी सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट गुरुवार की सुबह बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने की कीमत 0.8 प्रतिशत गिरकर 4,513.90 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। चांदी की कीमत में 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 71.97 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

## भारत का दमदार रुख: किसानों-मछुआरों के हितों पर फोकस, डिजिटल व्यापार में भी आजादी की मांग

**नई दिल्ली।** कैमरून में होने वाली डब्ल्यूटीओ बैठक में भारत छोटे किसानों, मछुआरों और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएगा। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की कैमरून बैठक में भारत का जोर छोटे किसानों और मत्स्यपालकों की आजीविका और आर्थिक हितों की आवाज बुलंद करने पर होगा। यह बैठक 26 मार्च से चार दिनों के लिए कैमरून के याउंदे में होगी। विकासशील देशों के लिए डिजिटल व्यापार जैसे नए क्षेत्रों में नीति बनाने की स्वतंत्रता इस मंत्री स्तरीय बैठक में भारत की मुख्य प्राथमिकता होगी। इस बैठक में 166 सदस्य देशों के वाणिज्य मंत्री शामिल होंगे। इनमें भारत, चीन और अमेरिका प्रमुख हैं। बैठक में कृषि, ई-कॉमर्स और मत्स्य उद्योग से जुड़े वैश्विक व्यापार मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत का नेतृत्व वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। उनकी टीम में वाणिज्य विभाग और जेनेवा में भारत के स्थायी मिशन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारत का मुख्य फोकस खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, छोटे किसानों और मत्स्यपालकों के रोजगार की रक्षा के साथ डिजिटल व्यापार और नई तकनीकों में विकासशील देशों के लिए स्वतंत्रता बनाए रखना होगा। विकास के लिए निवेश सुविधा भारत ऐसे प्रयासों का समर्थन करता है जो विकासशील देशों में निवेश बढ़ाएं। पिछली बैठक में भारत ने चीन के नेतृत्व वाले आईडीएफप्रस्ताव का विरोध किया था। यह प्रस्ताव सदस्य देशों के लिए बाध्यकारी होगा।




क्या होंगे बैठक के मुख्य प्रस्ताव बैठक के मुख्य प्रस्ताव होंगे- कृषि, ई-कॉमर्स, मत्स्य उद्योग, निवेश, डब्ल्यूटीओ सुधार और डिजिटल ट्रेड। भारत अन्य मुद्दों को भी उठाएगा, जिनमें ई-कॉमर्स ट्रांसमिशन पर 28 साल की रोक को जारी रखना, मत्स्य पालन सब्सिडी और विकास के लिए निवेश सुविधा समझौते का प्रस्ताव शामिल है। डब्ल्यूटीओ के सदस्य देश ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफसे जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा कर सकते हैं।भारत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने वाली सुधारों का समर्थन करेगा, लेकिन विकासशील देशों के हितों को केंद्र में रखेगा। डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है, खासकर कृत्रिम मेधा और नई तकनीकों के युग में। भारत का कहना है कि देशों को नई तकनीकों का लाभ लेने के लिए नीतियों में स्वतंत्रता चाहिए। 25 वर्षों तक सब्सिडी पर रोक की मांग कर सकता है भारत भारत सार्वजनिक भंडारण के स्थाई समाधान की मांग करेगा। देश के 99.4 फीसदी किसान कम आय वाले हैं और नयूनतम समर्थन मूल्य पर निर्भर हैं। इस व्यवस्था का समाधान किसानों के जीवन और खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है। इसके अलावा भारत ने मत्स्य उद्योग सब्सिडी पर बातचीत और संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके तहत मत्स्य उत्पादन में अग्रणी देशों को मछली पकड़ने की क्षमता को धीरे-धीरे घटाने की बात कही गई है। साथ ही, इस क्षेत्र में कम से कम 25 वर्षों के लिए सब्सिडी पर रोक हो।

## भारत सरकार ने वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा दी, जानिए क्या अपडेट

**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि भारतीय रेलवे ने सेना, नौसेना और वायु सेना के वीरता पदक विजेताओं और उनके परिवारों के लिए फर्स्ट क्लास और 2।ब् में आजीवन मुफ्त यात्रा की घोषणा की है? पूरी नीति, लाभ और पात्रता की विस्तृत जानकारी के लिए खबर पढ़ें। भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के तहत, इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकेंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे इन परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भारतीय रेलवे इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह सुविधा पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मान्य होगी। पात्रता के लिए क्या मानदंड? इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे। अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि देश के लिए सेवा करने वाले हर पात्र व्यक्ति को यह सम्मान मिले। रक्षा मंत्रालय जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा।